दैनिक

# करंट क्राइम

www.currentcrime.com

सिर्फ सच...

दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित

● नई दिल्ली। मंगलवार 17 मार्च -2026 ● वर्ष : 11 अंक : 83 पेज-08 ● RNI NO. DELHI/2015/65364 ● मूल्य : ₹3


## हम लाए हैं तूफान से कश्ती निकाल के...

## शिवालिक पहुंचा भारत

### खाड़ी देश से लाया 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी




**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों की आवाजाही पर संकट के बीच भारत के लिए राहत भरी खबर सामने आई है।

एलपीजी गैस लेकर आने वाला भारतीय जहाज शिवालिक सुरक्षित तरीके से गुजरात के मुंद्रा पोर्ट पहुंच गया है। इस जहाज के सुरक्षित पहुंचने को ऊर्जा आपूर्ति के लिहाज से अहम माना जा रहा है, क्योंकि हाल के दिनों में क्षेत्र में तनाव के कारण समुद्री मार्ग पर जोखिम बढ़ गया था।

यह एलपीजी टैंकर रविवार शाम करीब पांच बजे मुंद्रा पोर्ट पहुंचा। जहाज लगभग 46 हजार मीट्रिक टन एलपीजी लेकर आया है। यह गैस भारत के घरेलू आपूर्ति नेटवर्क में भेजी जाएगी। शिवालिक एक बहुत बड़ा गैस वाहक जहाज है, जिसे शिपिंग कॉरपोरेशन ऑफ इंडिया संचालित करता है। यह जहाज फारस की खाड़ी से अरब सागर को जोड़ने वाले अहम समुद्री रास्ते होर्मुज से होकर भारत पहुंचा।

होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम ऊर्जा मार्गों में से एक माना जाता है।






# साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित हुए वरिष्ठ नाटककार जयवर्धन

## गाजियाबाद के लिए गौरव का क्षण



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** बी.पी.ए. फाउंडेशन एवं इंडिया नेटबुक्स द्वारा 14 मार्च 2026 को मयूर विहार स्थित क्राउन प्लाजा होटल में आयोजित एक भव्य समारोह में वरिष्ठ नाटककार जयवर्धन (जे.पी. सिंह) को नाट्यलेखन के क्षेत्र में उनके उल्लेखनीय योगदान के लिए साहित्य भूषण सम्मान से सम्मानित किया गया। यह सम्मान प्रसिद्ध लेखिका ममता कालिया और वरिष्ठ नाटककार प्रताप सहगल ने प्रदान किया। जयवर्धन रंगमंच की दुनिया में एक प्रतिष्ठित नाम हैं, जिन्हें रंगकर्मी जे.पी. सिंह के नाम से जानते हैं। अब तक उन्होंने 22 पूर्णकालिक नाटक और 6 बाल नाटक लिखे हैं। उन्होंने प्रेमचंद के कालजयी उपन्यास गोदान का नाट्य रूपांतरण भी किया है। देश-विदेश में उनके नाटकों का लगातार मंचन होता रहा है।

उनके प्रमुख नाटकों में झाँसी की रानी, अर्जेंट मीटिंग, गांधारी, बाबू हरिश्चन्द्र, किस्सा मौजपुर का, कालपुरुष, युगपुरुष, पारो और निर्जन कारावास शामिल हैं। नाट्यलेखन के क्षेत्र में उनके योगदान के लिए उन्हें उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी, उत्तर प्रदेश हिन्दी संस्थान लखनऊ तथा दिल्ली की अनेक रंग संस्थाओं द्वारा सम्मानित किया जा चुका है। विश्व हिन्दी सचिवालय, मॉरीशस ने उनके नाटक कालचक्र के लिए प्रथम पुरस्कार प्रदान किया है, जबकि भारतेन्दु नाट्य अकादमी लखनऊ ने उन्हें मानद उपाधि से अलंकृत किया है।

जयवर्धन ने दिल्ली की साहित्य कला परिषद के नाट्य प्रभाग में 31 वर्षों तक सेवाएँ दी हैं। वर्तमान में वे नोएडा स्थित एमिटी विश्वविद्यालय के फिल्म एवं नाटक विभाग में सह-प्राध्यापक के रूप में कार्यरत हैं। वे नाटककार होने के साथ-साथ एक कुशल नाट्य निर्देशक और अभिनेता भी हैं। इस सम्मान को गाजियाबाद के लिए भी गौरवपूर्ण उपलब्धि माना जा रहा है। शहर के साहित्य और रंगमंच से जुड़े लोगों ने इसे गाजियाबाद की सांस्कृतिक पहचान को मजबूत करने वाला क्षण बताया है।

सिविल डिफेंस के चीफ वार्डन ललित जायसवाल ने वरिष्ठ नाटककार जयवर्धन को इस सम्मान के लिए बधाई देते हुए कहा कि यह उपलब्धि गाजियाबाद के लिए गर्व की बात है और इससे शहर की सांस्कृतिक प्रतिष्ठा को नई पहचान मिली है।

# बढ़ेगी गर्मी, उड़ेगी धूल तो यह हाईटेक बूथ करेंगे ट्रैफिक पुलिसकर्मी को कूल

## - सोलर से चलेंगे बूथ लगेंगे मिनी एयरकंडीशन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद में बढ़ती गर्मी और धूल-धक्कड़ के बीच अब ट्रैफिक पुलिसकर्मियों को सड़कों पर ड्यूटी के दौरान राहत मिलने वाली है। पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में नेशनल हाईवे अथॉरिटी ऑफ इंडिया के सहयोग से आधुनिक सुविधाओं से लैस




हाईटेक ट्रैफिक पुलिस बूथ लगाए जा रहे हैं। इसी क्रम में सिटी जोन के हापुड़ चुंगी चौराहे और कलेक्ट्रेट कट पर दो नए हाईटेक ट्रैफिक बूथ स्थापित किए गए हैं। इन बूथों में एक साथ दो पुलिसकर्मी बैठकर ड्यूटी कर सकेंगे।

बूथ को इस तरह डिजाइन किया गया है कि गर्मी, धूल और बारिश से पुलिसकर्मियों को राहत मिले। इन हाईटेक बूथों में मिनी एसी, पंखा, लाइट, टेबल-कुर्सी जैसी सुविधाएं उपलब्ध कराई गई हैं।

### इलेक्ट्रिक लॉक से खुलेगा गेट

करंट क्राइम : पुलिस के अधिकारियों ने बताया है कि यह बूथ सोलर पावर से



संचालित होंगे, जिससे बिजली की निर्भरता भी कम रहेगी। सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए बूथ का गेट इलेक्ट्रिक लॉक सिस्टम से खुलेगा। इसके अलावा बूथ में फाइबर शीट और हवादार डिजाइन किया गया है, ताकि अंदर बैठने वाले पुलिसकर्मियों को पर्याप्त वेंटिलेशन मिल सके। बताया गया कि पुलिस कमिश्नर गाजियाबाद जे रविंदर गौड ने कुछ समय पहले दिल्ली-मेरठ एक्सप्रेसवे के यूपी गेट से इन आधुनिक ट्रैफिक बूथों की शुरूआत की थी। इसके बाद अब शहर के प्रमुख चौराहों—पुराना बस अड्डा, हापुड़ चुंगी और कलेक्ट्रेट कट—पर भी इन्हें लगाया जा रहा है। पुलिस अधिकारियों के अनुसार इन आधुनिक ट्रैफिक बूथों से न सिर्फ पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा, बल्कि ट्रैफिक व्यवस्था को भी अधिक प्रभावी तरीके से नियंत्रित किया जा सकेगा।

## दैनिक करंट क्राइम की खबर पर फिर लगी एक बार सटीकता की मुहर

# जिन नामों पर संभावना थी जताई लगभग वही लिस्ट बाहर है आई

## गौरव चोपड़ा, पंकज भारद्वाज और प्रदीप चौहान बने महामंत्री

गाजियाबाद, करंट क्राइम। दैनिक करंट क्राइम हमेशा से सामाजिक और सियासी सरोकारों से जुड़कर चलता है। दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही प्रकाशित किया था और बस की सवारियों से बता दिया था कि जिम्मेदारियों वाला स्टेशन किस किसका आ रहा है। जब सोमवार को महानगर कमेटी की लिस्ट बाहर आई तो एक बार फिर दैनिक करंट क्राइम की खबर पर सटीकता की मुहर लगी है। उन्हीं नामों को स्थान मिला है जिनको लेकर दैनिक करंट क्राइम ने प्रबल संभावनाएं जताई थी। खास बात ये है कि इस लिस्ट की घोषणा के बाद एक संयोग वाला ट्विस्ट भी रहा है। महानगर अध्यक्ष के रूप में जिस दिन मयंक गोयल के कार्यकाल का एक वर्ष पूरा हुआ। ठीक उसी दिन 16 मार्च को महानगर की टीम घोषित हो गई। टीम में सभी समीकरणों का संतुलन साधा गया है। लिस्ट आने के बाद कई चेहरों पर खुशी की लहर है। लिस्ट में आठ उपाध्यक्ष, तीन महामंत्री, आठ मंत्री, एक कोषाध्यक्ष सहित 27 लोगों के नाम हैं।

उपाध्यक्ष की बात करें तो यहां सबसे पहला नाम बॉबी त्यागी का है। पुराने कार्यकर्ता हैं और मेहनती चेहरों में गिनती होती है। इसी तरह यहां ठाकुर और महिला समीकरण के रूप में रनीता सिंह को दोबारा से जिम्मेदारी मिली है। प्रमोशन की बात करें तो अमित रंजन का प्रमोशन हुआ है। वो महानगर उपाध्यक्ष बनाये गये हैं। नदिया पार के विनोद कसाना का भी सियासी फसाना ठीक रहा है और महानगर उपाध्यक्ष की जिम्मेदारी मिली है। यहां महेन्द्र यादव माही को काफी दिनों के बाद सियासी ऑक्सीजन मिली है। मैन टीम में आ गया है, उपाध्यक्ष बनाये गये है।

नदियापार के राजन आर्य बाल्मीकि उपाध्यक्ष की पारी खेलेंगे। इससे पहले वो महामंत्री रहे हैं। फिर मंडल अध्यक्ष रहे और अब महानगर उपाध्यक्ष बनाये




गये हैं। यहां ठाकुर चेहरे के रूप में भानू सिसौदिया की एन्ट्री हुई है और वो भी उपाध्यक्ष बनाये गये हैं। भाजपा युवा मोर्चा के अध्यक्ष सचिन डेढ़ा को बड़ी जिम्मेदारी मिली है और वो मुख्य टीम में आ गये है। अब वो महानगर उपाध्यक्ष है। पार्टी का मजबूत और ऊर्जावान चेहरा है। यहां पुराने कार्यकर्ता के सम्मान की परिपाटी कायम रही है। प्रदीप चौहान बाल्मीकि को महानगर महामंत्री बनाया गया है। पार्टी के मूल कार्यकर्ता हैं और यहां उन्हें बड़ी जिम्मेदारी मिली है। इसी तरह से किसान मोर्चा के महानगर अध्यक्ष पंकज भारद्वाज का प्रमोशन हुआ है। वो अब मोर्चा से महानगर की कमेटी में आ गये हैं और कमेटी में भी उन्हें प्रमुख दायित्व मिला है। पंकज भारद्वाज को महानगर महामंत्री बनाया गया है। ये उनके समर्पण और मेहनत का ईनाम माना जा रहा है।

इसी तरह यहां भाजपा युवा मोर्चा के पूर्व महानगर अध्यक्ष गौरव चौपड़ा को महानगर महामंत्री बनाया गया है। ऊर्जावान युवा हैं और डेडीकेशन के साथ काम करते हैं। महानगर मंत्री की बात करें तो यहां प्रमीला रावत को स्थान मिला है। मंत्री वाली लिस्ट में ललित कश्यप का भी नाम है। वो पार्षद रहे हैं। यहां पर महिला मोर्चा की पूर्व महानगर अध्यक्ष अनीता शर्मा को भी मंत्री वाली लिस्ट में स्थान मिला है। ठाकुर चेहरों की बात करें तो यहां ज्योति चौहान का नाम लिस्ट में है। इसी तरह आशीष चौधरी को महानगर महामंत्री बनाया गया है। यहां पर त्यागी चेहरे के रूप में राम त्यागी का भी सियासी भाग्य खुला है उन्हें महानगर की टीम में महानगर महामंत्री बनाया गया है। महिला चेहरों की बात करें तो यहां भाजपा की पुरानी कार्यकर्ता प्रीति चंद्रा राय को महानगर मंत्री बनाया गया है। भाजपा की एक्टिव और पुरानी कार्यकर्ता हैं। महानगर मंत्री वाली लिस्ट में ऊषा चौधरी को भी स्थान मिला है। कोषाध्यक्ष के रूप में नवनीत मित्तल की ताजपोशी हुई है। महानगर मीडिया संयोजक के रूप में नीरज शर्मा और सहमीडिया संयोजक के रूप में करण शर्मा को स्थान मिला है। पार्टी के एक्टिव कार्यकर्ता हैं।

सहमीडिया संयोजक के रूप में पूर्व पार्षद साक्षी नारंग की भी ताजपोशी हुई है। वहीं महानगर सोशल मीडिया संयोजक पद पर प्रहलाद दुआ को स्थान मिला है और महानगर सोशल मीडिया सहसंयोजक के रूप में सोनू भाटी राजपूत के नाम हैं। इनके अलावा महानगर आईटी संयोजक पुष्पेन्द्र गुप्ता और महानगर आई टी सहसंयोजक सुषमा गंगवार को बनाया गया है।

### इन चेहरों की नामौजूदगी ने डाला सबको हैरानी में

करंट क्राइम। महानगर संगठन की लिस्ट जारी हो गई और यहां पर कुछ नाम ऐसे थे जो प्रबल दावेदार थे। अनुभवी हैं, समर्पित हैं और पात्र माने जा रहे थे। लेकिन इन नामों की गैरमौजूदगी ने सबको हैरान किया है। इनमें पहला नाम पूर्व नामित पार्षद सुरेन्द्र नागर का है। सुरेन्द्र नागर पुराने कार्यकर्ता हैं, समर्पित कार्यकर्ता हैं और इस नाम का आना संभावित था। यहां पर संभावना ये भी है कि उचित समायोजन की स्थिति ना बनने पर खुद इस चेहरे ने ही स्वीकृति ना दी हो। इसी तरह यहां पुराने कार्यकर्ताओं में मास्टर अश्वनी शर्मा का नाम प्रबल दावेदारी में था। लेकिन इस नाम को भी स्थान नहीं मिला। ये तथ्य हैरान करता है। ठाकुर चेहरे के रूप में लाईन पार से बलराम रावल का नाम आना भी अचरज में डाल रहा है। त्यागी फैक्टर में यहां संदीप त्यागी का समायोजन ना होना भी कई चेहरों को हैरान कर रहा है। इसी तरह ब्राह्मण चेहरों में गुंजन शर्मा की अनुपस्थिति भी अचरज में डाल रही है।

# आखिर पुलिस कोर्डिनेशन वाली बैठक से क्यों बना ली जनप्रतिनिधियों ने दूरी

## सांसद-विधायक-मेयर तक नहीं पहुंचे, कोई तो थी मजबूरी या बैठक नहीं थी जरूरी!

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शासन स्तर पर समन्वय बैठाने के प्रयास होते हैं। आमतौर पर जनप्रतिनिधियों की ये शिकायत होती है कि अफसर नहीं सुन रहे हैं। कई बार ये शिकायत डायरेक्ट होती है और कई बार ये शिकायत इनडायरेक्ट होती है। कभी लोनी के विधायक नन्द किशोर गुर्जर को जिले में तैनात बड़े पुलिस अधिकारी से डायरेक्ट शिकायत थी। एक दौर था जब प्रभारी मंत्री आते थे तो इस वाले कॉलेज के सभागर से लेकर उस वाले कॉलेज के सभागर तक इसी बात का हाहाकार मचता था कि अधिकारी सुन नहीं रहे हैं और खासतौर से थाने और चौकियों में हमारी बात नहीं सुनी जा रही है। कार्यकर्ता और पदाधिकारी अपनी बात जनप्रतिनिधियों को बताते




थे और जनप्रतिनिधि कार्यकर्ताओं की इस बात को आगे रखते थे। अब सीन दूसरा है और वो ये है कि शासन स्तर से एक पहल की गई है और आदेश ये हैं कि महीने में एक बार पुलिस के बड़े अधिकारी जिले और महानगर के जनप्रतिनिधियों के साथ बैठकर एक बैठक करेंगे। ये बैठक कोर्डिनेशन बैठक होगी और इस समन्वय बैठक में अधिकारियों का प्रयास रहेगा कि जनप्रतिनिधियों की शिकायतों का निस्तारण हो, उनके सुझावों पर अमल हो। लेकिन अब जब ये बैठक हुई तो ये सवाल खड़ा हो गया कि क्या कोर्डिनेशन की जरूरत नहीं है या फिर जनप्रतिनिधि पुलिस अधिकारियों के साथ समन्वय बैठक में बैठना नहीं चाहते या फिर सबकुछ सही चल रहा है। समन्वय बैठक सोमवार को पुलिस लाईन में होनी थी। ये दूसरी बैठक थी और पुलिस लाईन में अधिकारी समय से पहुंचे। लेकिन इंतजार जनप्रतिनिधियों का होता रहा और जनप्रतिनिधियों में सांसद से लेकर मेयर तक कोई नहीं पहुंचा। जबकि पुलिस लाईन में आयोजित इस बैठक को लेकर एडीशनल सीपी मुख्यालय केशव चौधरी की ओर से सभी जनप्रतिनिधियों को सूचना दी गई थी। लेकिन समन्वय ऐसा था कि इस बैठक में केवल दो महिला जनप्रतिनिधि पहुंची और एक कैबिनेट मंत्री के प्रतिनिधि पहुंचे। अन्य जनप्रतिनिधि पहुंचे ही नहीं। जनप्रतिनिधियों की गैरहाजिरी से ये ही संदेश गया कि या तो कोई शिकायत नहीं है या कुछ ऐसी शिकायत है कि अब जनप्रतिनिधि आना नहीं चाहते।

ये संदेश इसलिए भी है कि अगर जनप्रतिनिधियों का शैड्यूल बिजी था तो वो इस बैठक में अपने सुझाव लेकर अपने जनप्रतिनिधि को भेज सकते थे। अपनी ओर से किसी को नामित कर भेज सकते थे। लेकिन जनप्रतिनिधि नहीं पहुंचे।

### नहीं पहुंचे सांसद प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मैदी से लेकर संजीव शर्मा के मीडिया सलाहकार अजय चौपड़ा

करंट क्राइम। पुलिस लाईन में समन्वय बैठक हुई और पुलिस ने बैठक को लेकर अपनी व्यवस्थाएं की। इंतजार होता रहा लेकिन यहां लोकसभा सांसद अतुल गर्ग नहीं पहुंचे। यहां पर बड़ी बात ये रही कि सांसद अतुल गर्ग के प्रतिनिधि राजेन्द्र मित्तल मैदी वाले भी इस बैठक में नहीं पहुंचे। जबकि वो शहर में ही थे और अन्य आयोजनों में भी शामिल हुए। इसी तरह विधायक संजीव शर्मा नहीं पहुचें और उनके स्थान पर उनके मीडिया प्रभारी अजय चौपड़ा से लेकर धमेन्द्र कुमार तक नहीं दिखे। मुरादनगर विधायक अजीत पाल त्यागी नही पहुंचे। लोनी विधायक नन्द किशोर गुर्जर नहीं पहुंचे। एमएलसी नरेन्द्र कश्यप नहीं पहुंचे। मेयर सुनीता दयाल नहीं पहुंचे। इस बैठक में केवल कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा की तरफ से प्रतिनिधि के रूप में तरूण भारद्वाज पहुंचे।

### देहात की महिला जनप्रतिनिधियों ने पहुंच कर रखी अपनी बात

करंट क्राइम। इस बैठक में भले ही मेयर सुनीता दयाल नहीं पहुंची। लेकिन यहां देहात की सबसे बड़ी जनप्रतिनिधि के रूप में जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी पहुंची। इस बैठक में मोदीनगर विधायक डॉ मंजू शिवाच पहुंची। मोदीनगर विधायक मंजू शिवाच ने अपने क्षेत्र की समस्याएं रखीं। पुलिस अधिकारियों को सुझाव भी दिये। इसी तरह जिला पंचायत अध्यक्ष ममता त्यागी ने भी अपनी बात रखी।



# चुनावी इफैक्ट : पश्चिम बंगाल में बड़ा प्रशासनिक फेरबदल

## मुख्य सचिव और गृह सचिव हटे, पुलिस विभाग में भी कई बदलाव

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल में विधानसभा चुनाव की तारीखों के एलान के कुछ ही घंटों बाद प्रशासन और पुलिस विभाग में बड़ा फेरबदल हुआ है। चुनाव आयोग ने रविवार रात राज्य की मुख्य सचिव नंदिनी चक्रवर्ती और गृह सचिव जगदीश प्रसाद मीणा को उनके पद से हटा दिया। अब दुष्यंत नारियावाला राज्य के नए मुख्य सचिव होंगे और संघमित्रा घोष को नया गृह सचिव बनाया गया है।

**पुलिस विभाग में भी कई बड़े बदलाव :** इसके साथ ही पुलिस विभाग में भी कई बड़े बदलाव किए गए हैं। 1996 बैच के आईपीएस अधिकारी अजय कुमार नंद को कोलकाता का नया पुलिस कमिश्नर नियुक्त किया गया है। वहीं 1992 बैच के सिद्ध नाथ गुप्ता को महानिदेशक और सूचना एवं सरकारी प्रमुख (प्रभारी) की जिम्मेदारी मिली है।

प्रशासन ने 1991 बैच के नटराजन रमेश बाबू को सुधार सेवा विभाग का महानिदेशक बनाया है। वहीं, 1995 बैच के अजय मुकुंद रानाडे को अतिरिक्त महानिदेशक और सूचना एवं सरकारी प्रमुख के पद पर तैनात किया गया है। इन सभी अधिकारियों की तैनाती के आदेश जारी कर दिए गए हैं।

**हटाए जा सकते हैं डीपीपी और सीपी भी :** इस बीच, सूत्रों से यह भी जानकारी मिल रही है कि पुलिस महानिदेशक और कोलकाता के पुलिस कमिश्नर भी हटाए जा सकते हैं। चुनाव की घोषणा होते ही राज्य में आदर्श आचार संहिता लागू हो जाती है। इस दौरान चुनाव आयोग को प्रशासनिक स्तर पर कई विशेष अधिकार मिल जाते हैं। आयोग जरूरत पड़ने पर राज्य सरकार के वरिष्ठ अधिकारियों, पुलिस अधिकारियों और प्रशासनिक पदों पर तैनात अफसरों के तबादले या बदलाव का आदेश दे सकता है।

पिछले चुनावों में भी आयोग ने कई जिलों के पुलिस अधीक्षकों और अन्य अधिकारियों को बदला था। कोलकाता पुलिस आयुक्त सहित कई वरिष्ठ पदों पर भी चुनाव से पहले तबादले के उदाहरण मिलते रहे हैं। हालांकि इस स्तर के शीर्ष पदों पर बदलाव हाल के वर्षों में बहुत कम देखने को मिला है।

**संघमित्रा घोष को मिली गृह सचिव की जिम्मेदारी :** वहीं राज्य के नए गृह सचिव के रूप में संघमित्रा घोष को नियुक्त किया गया है। गृह विभाग चुनाव के दौरान कानून-व्यवस्था बनाए रखने में अहम भूमिका निभाता है, इसलिए यह पद काफी महत्वपूर्ण माना जाता है। आदर्श आचार संहिता राजनीतिक दलों और उम्मीदवारों के मार्गदर्शन के लिए निर्धारित किए गए मानकों का एक ऐसा समूह है जिसे राजनैतिक दलों की सहमति से तैयार किया गया है। आदर्श आचार संहिता में चुनाव आयोग की भूमिका अहम होती है। संविधान के अनुच्छेद 324 के अधीन संसद और राज्य विधानमंडलों के लिए स्वतंत्र, निष्पक्ष और शांतिपूर्ण चुनावों का आयोजन चुनाव आयोग का सांविधानिक कर्तव्य है। चुनाव आयोग द्वारा चुनाव तारीखों की घोषणा की तारीख से इसे लागू किया जाता है और यह चुनाव प्रक्रिया के पूर्ण होने तक लागू रहती है। लोकसभा चुनावों के दौरान आदर्श आचार संहिता पूरे देश में, जबकि विधानसभा चुनावों के दौरान पूरे राज्य में लागू होती है।

### 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को होगा मतदान

गौरतलब है कि पश्चिम बंगाल समेत पांच राज्यों के चुनाव की तारीखों का एलान रविवार (15 मार्च) को चुनाव आयोग ने कर दिया। निर्वाचन आयोग ने प्रेस कॉन्फ्रेंस में राज्य में चरणबद्ध तरीके से अधिसूचना जारी होने से लेकर नामांकन दाखिल करने और मतदान की तारीख से लेकर मतगणना की तारीख जारी कर दी। इसके मुताबिक, बंगाल में इस बार सिर्फ दो चरणों में ही चुनाव कराया जाएगा। 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को राज्य में मतदान होगा। वहीं, चार मई को मतगणना तय की गई है। चुनाव कार्यक्रम के तहत पहले चरण की अधिसूचना 30 मार्च को जारी की जाएगी, जबकि दूसरे चरण की अधिसूचना 2 अप्रैल को जारी होगी। पहले चरण के लिए नामांकन दाखिल करने की अंतिम तिथि 6 अप्रैल तय की गई है, वहीं दूसरे चरण के लिए 9 अप्रैल तक नामांकन किया जा सकेगा। इसके बाद नामांकन पत्रों की जांच क्रमशः 7 अप्रैल और 10 अप्रैल को होगी। वहीं उम्मीदवार पहले चरण के लिए 9 अप्रैल और दूसरे चरण के लिए 13 अप्रैल तक अपना नामांकन वापस ले सकते हैं।





### दुश्यंत नरियाला बने नए मुख्य सचिव

नए मुख्य सचिव बनाए गए दुश्यंत नारियावाला वर्ष 1993 बैच के आईएएस अधिकारी हैं। इससे पहले वह राज्य सरकार के उत्तर बंगाल विकास विभाग में अतिरिक्त मुख्य सचिव के पद पर कार्यरत थे। इसके अलावा उन्होंने आपदा प्रबंधन और नागरिक सुरक्षा विभाग की जिम्मेदारी भी संभाली है। अतिरिक्त प्रभार के रूप में वह पहले सिंचाई विभाग का कामकाज भी देख चुके हैं। अब नंदिनी चक्रवर्ती को पद से हटाकर आयोग ने दुष्यंत नारियावाला को ही राज्य का नया मुख्य सचिव नियुक्त किया है। चुनाव आयोग ने उन्हें सोमवार दोपहर तीन बजे तक अपना पदभार ग्रहण करने का निर्देश दिया है।

# राहत: एलपीजी बुकिंग घटकर 77 लाख, पेट्रोल-डीजल की आपूर्ति स्थिर

## सरकार ने दोहराया- ईंधन की कमी नहीं




**नई दिल्ली।** देश में सिलिंडर को लेकर पिछले कुछ दिनों से जारी अफरा-तफरी के बीच एक अच्छी खबर सामने आई है। एलपीजी सिलिंडर बुकिंग 88.8 लाख से घटकर 77 लाख रह गई है, जो स्थिति में सुधार का संकेत है। सरकार ने दोहराया कि देशभर में पेट्रोल, डीजल या खाना पकाने की गैस की कोई कमी नहीं है। पश्चिम एशिया संघर्ष के बावजूद आपूर्ति स्थिर बनी हुई है। सरकार ने लोगों को सलाह भी दी कि वे घबराहट में खरीदारी ना करें।

**कालाबाजारी रोकने के लिए किए जा रहे उपाय**

पश्चिम एशिया में जारी घटनाक्रमों के प्रभाव पर दैनिक अपडेट में सरकार ने कहा कि ऑनलाइन एलपीजी बुकिंग 84 से बढ़कर लगभग 87 फीसदी हो गई है। यह तेल कंपनियों के उस अभियान का असर है, जिसमें डिजिटल बुकिंग को बढ़ावा दिया गया और लोगों को घबराहट में एलपीजी डीलरों के बाहर लंबी कतारों में लगने से रोका गया। सरकार ने रविवार को एक बयान में कहा, हमारे सभी तेल शोधन कारखाने पूरी क्षमता से काम कर रहे हैं और कच्चे तेल का पर्याप्त भंडार बनाए हुए हैं। हमारा देश पेट्रोल और डीजल के उत्पादन में आत्मनिर्भर है। घरेलू मांग को पूरा करने के लिए पेट्रोल और डीजल के आयात की आवश्यकता नहीं है। तेल विपणन कंपनियों की ओर से खुदरा दुकानों पर ईंधन की कमी का कोई मामला सामने नहीं आया है। पेट्रोल और डीजल की आपूर्ति नियमित रूप से जारी है।

दैनिक अपडेट में सरकार ने कहा, एलपीजी की बुकिंग में गिरावट देखी गई है।

### गैस की किल्लत से पलायन को मजबूर प्रवासी मजदूर

#### खाली पेट मुश्किल हुआ शहर में गुजारा

नई दिल्ली। राजधानी में एलपीजी की आपूर्ति ने प्रवासी मजदूरों की रोजमर्रा की जिंदगी को मुश्किल बना दिया है। हजारों मजदूरों का पेट जिन छोटे ढाबों और होटलों के भरोसे भरता था, वह गैस की कमी के कारण बंद होने लगे हैं। इस कारण प्रवासी मजदूरों के सामने दो वक्त की रोटी का संकट खड़ा हो गया है। बढ़ते खर्च और सीमित काम के बीच कई मजदूर अपने गांव लौटने की तैयारी कर रहे हैं। राजधानी के लेबर चौक, औद्योगिक इलाकों, बाजारों और निर्माण स्थलों के आसपास सस्ते भोजन के लिए छोटे होटल और ढाबे ही मजदूरों का सहारा होते हैं। यहां 40 से 60 रुपये में भरपेट खाना मिल जाता था लेकिन पिछले कुछ दिनों से रसोई गैस सिलिंडर की आपूर्ति प्रभावित होने के कारण इन होटलों की रसोई ठंडी पड़ गई है।

# संसद भवन के गेट पर अचानक बजने लगा सायरन

## कुछ देर के लिए रोकी गईं गाड़ियां, मची अफरा-तफरी

**नई दिल्ली।** देश की सबसे सुरक्षित इमारतों में से एक संसद परिसर में आज अचानक सुरक्षा सायरन बजने से हड़कंप मच गया। सुरक्षा से जुड़े सूत्रों ने इस घटना की जानकारी दी है। यह घटना उस समय हुई जब संसद के एंट्री गेट पर लगा एक बूम बैरियर अचानक नीचे गिर गया। बैरियर के गिरते ही वहां लगा ऑटोमैटिक सुरक्षा सायरन जोर-जोर से बजने लगा।

सायरन की आवाज सुनते ही वहां तैनात सुरक्षाकर्मी तुरंत अलर्ट हो गए। सुरक्षा प्रोटोकॉल का पालन करते हुए अधिकारियों ने फौरन संसद परिसर में गाड़ियों के आने-जाने पर रोक लगा दी। अचानक एंट्री रुकने से गेट के बाहर गाड़ियों की कतार लग गई और कुछ देर के लिए वहां अफरा-तफरी जैसा माहौल बन गया। सुरक्षा टीम ने तुरंत मौके पर पहुंचकर पूरे मामले की जांच की।




सायरन बजने के बाद इसलिए भी हलचल तेज हो गई क्योंकि मौके पर संसद में बजट सत्र चल रहा है।

ऐसा माना जा रहा है कि तेज हवा के दबाव की वजह से बैरियर अचानक गिर गया होगा। इसके बाद क्यूआरटी अपनी जगह वापस लौट गई और कुछ देर के लिए रुकी गाड़ियों की आवाजाही फिर से शुरू कर दी गई। हालांकि अधिकारी अब इस बात की जांच कर रहे हैं कि बैरियर गिरने की असली वजह क्या थी। एक संभावना यह भी जताई जा रही है कि शायद सिस्टम वहां से गुजर रही किसी कार का एंट्री स्टिकर सही से पढ़ नहीं पाया, जिससे बैरियर अपने आप नीचे आ गया।

# मुख्यमंत्री योगी ने पूरी की बच्चे की मुराद, सेल्फी लेकर जीत लिया दिल

**लखनऊ।** राजस्थान के जालौर स्थित श्री शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में पढ़ने वाले एक बच्चे की इच्छा रविवार को पूरी हो गई। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बच्चे के मनोभाव को समझते हुए तत्काल उसके मन की मुराद पूरी कर दी।

दरअसल उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ रविवार को राजस्थान में थे। वह श्री शांतिनाथ बालिका उच्च माध्यमिक आदर्श विद्या मंदिर में आयोजित नवीन भवन के अवलोकन कार्यक्रम में पहुंचे। यहां पढ़ने वाला एक बच्चा विद्यालय के कणिया गिरि मंच के नीचे खड़ा होकर मुख्यमंत्री के फ्रेम में बार-बार सेल्फी लेने की कोशिश कर रहा था। यह देखकर मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने उस बच्चे को मंच पर बुला लिया। बच्चे से उसका नाम, क्लास आदि की जानकारी ली, फिर मोबाइल लेकर अपने हाथों से बच्चे के साथ सेल्फी खींची। इस पर आह्लादित बच्चे ने मुख्यमंत्री को धन्यवाद कहा। मुख्यमंत्री ने यहां अपने विचार भी व्यक्त किए।



# हद कर दी आपने...: प्रेमिका के लिए टॉवर पर चढ़ा प्रेमी, बोला- जान दे दूंगा




**मथुरा।** मथुरा के कोसीकलां में प्रेमिका से शादी न होने से नाराज प्रेमी रेलवे के 100 मीटर टेलीकॉम टावर पर चढ़ गया। सूचना मिलते ही आरपीएफ, सिविल पुलिस और फायर बिग्रेड के अधिकारी, कर्मचारी मौके पर पहुंच गए। पुलिस ने उसे नीचे उतारने का प्रयास किया, तो वो कूदकर जान देने की धमकी देने लगा। पुलिस ने लड़की के परिजनों को बुलाया है। तब तक पुलिस प्रेमी के समझाने के प्रयास में जुटी हुई है। जिससे आसपास के लोगों में अफरा-तफरी मच गई और मौके पर भीड़ जुट गई।

गोपाल बाग पर रहने वाला आकाश सोमवार सुबह टावर पर चढ़ गया। लोगों ने जब उसकी ये हरकत देखी, तो हैरान रह गए। लोगों के समझाने के बाद भी वो नीचे नहीं उतरा, तो आरपीएफ और थाना पुलिस बुला ली गई। सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड प्रभारी आलोक कुमार अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंच गए। जब उन्होंने टावर पर चढ़ने की कोशिश की तो युवक वहां से कूदकर आत्महत्या करने की धमकी देने लगा।

# ओडिशा के अस्पताल में मौत का तांडव

## मेडिकल कॉलेज में लगी भीषण आग, 10 की मौत

**भुवनेश्वर।** ओडिशा के कटक में सोमवार तड़के एक दिल दहला देने वाला हादसा हुआ। यहां के एससीबी मेडिकल कॉलेज और अस्पताल के आईसीयू में भीषण आग लग गई। इस घटना में अब तक 10 मरीजों की मौत हो चुकी है। अधिकारियों ने बताया कि आग सुबह करीब 2:30 से 3:00 बजे के बीच लगी।

**ट्रॉमा केयर विभाग के आईसीयू से भड़की आग :** मामले को लेकर एक अधिकारी ने बताया, आग अस्पताल के ट्रॉमा केयर विभाग के आईसीयू में भड़की थी और देखते ही देखते आग ने बड़ा रूप ले लिया। यहां उन मरीजों का इलाज चल रहा था जिनकी हालत बहुत गंभीर थी। आग लगने की सूचना मिलते ही दमकल विभाग की टीमें तुरंत अस्पताल पहुंचीं। दमकल कर्मियों ने अभियान चलाकर आग पर काबू पाया।


**11 कर्मचारी भी झुलसे :** मरीजों को सुरक्षित बाहर निकालने की कोशिश में अस्पताल के 11 कर्मचारी भी झुलस गए। कुल 23 मरीजों को आनन-फानन में दूसरे विभागों और वार्डों में शिफ्ट किया गया। इस बचाव कार्य में अस्पताल के कर्मचारियों, पुलिस और मरीजों के साथ आए लोगों ने भी सहयोग किया।




**मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी पहुंचे अस्पताल :** हादसे की खबर मिलते ही मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी और स्वास्थ्य मंत्री मुकेश महालिंग अस्पताल पहुंचे। उन्होंने वहां के हालात का जायजा लिया और भर्ती मरीजों से मुलाकात की। मुख्यमंत्री ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि आग लगने की मुख्य वजह शॉर्ट-सर्किट हो सकती है। आग ने ट्रॉमा केयर आईसीयू के साथ-साथ पास के कुछ और वार्डों को भी अपनी चपेट में ले लिया था। मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने बताया कि सात गंभीर मरीजों की मौत शिफ्टिंग के दौरान ही हो गई थी। इसके बाद तीन और मरीजों ने इलाज के दौरान दम तोड़ दिया।

# चिंताजनक: निकोटीन का जेनेटिक प्रहार

## पिता तंबाकू का लती तो संतानों को डायबिटीज का खतरा अधिक




**नई दिल्ली/वॉशिंगटन।** पुरुषों की तंबाकू की लत उनके बच्चों में मधुमेह (डायबिटीज) के जोखिम को काफी हद तक बढ़ा सकती है। इतना ही नहीं, यह अगली पीढ़ी में शरीर में शुगर (चीनी) को प्रोसेस करने के तरीके को बदल सकता है।

कैलिफोर्निया विवि, सांता क्रूज के वैज्ञानिकों ने चूहों पर किए अध्ययन में पाया कि जब नर चूहों को उनके पीने के पानी में निकोटीन दिया गया, तो उनकी संतान के मेटाबॉलिज्म (चयापचय) में स्पष्ट बदलाव दिखा। शोध की वरिष्ठ लेखिका डॉ. रकेल चमोरो-गार्शिया ने कहा कि जब नर चूहों ने निकोटीन का इस्तेमाल किया, तो उनकी संतानों में इंसुलिन और ग्लूकोज के स्तर में अंतर पाया गया। यह दिखाता है कि पुरुषों के तंबाकू का उपयोग उनके वंशजों में मधुमेह के खतरे से जुड़ा हुआ है। यह अध्ययन जर्नल ऑफ द एंडोक्राइन सोसाइटी में प्रकाशित हुआ है।

**गर्भाधान से पहले पिता के स्वास्थ्य की जांच भी अहम :** डॉ. चमोरो-गार्शिया के अनुसार, परिणाम बताते हैं कि पिता का निकोटीन सेवन बच्चों में पुरानी बीमारियों की संभावना बढ़ाता है। इससे स्पष्ट होता है कि गभार्धान से पूर्व देखभाल में केवल मां ही नहीं, बल्कि पिता के स्वास्थ्य को भी शामिल करना अनिवार्य है। उनकी नियमित स्वास्थ्य जांच भी आने वाली पीढ़ी को इस जोखिम से बचा सकती है।

**बेटे और बेटियों पर अलग प्रभाव :** अध्ययन के दौरान शोधकर्ताओं ने निकोटीन के संपर्क में आए पिता की संतानों की तुलना एक नियंत्रण समूह से की। निष्कर्षों में पाया गया कि निकोटीन प्रभावित पिताओं की महिला संतानों (बेटियों) में इंसुलिन और फास्टिंग ग्लूकोज का स्तर सामान्य से कम पाया गया। वहीं, पुरुष संतानों (पुत्र) के ब्लड ग्लूकोज के स्तर में कमी देखी गई और उनके लिवर फंक्शन (यकृत कार्यप्रणाली) में भी बदलाव पाए गए।

**ई-सिगरेट भी अगली पीढ़ी के लिए हानिकारक :** विशेषज्ञों के मुताबिक, लिवर फंक्शन में यह बदलाव भविष्य में फैटी लिवर जैसी गंभीर समस्याओं का मार्ग प्रशस्त कर सकता है। वैज्ञानिकों ने परीक्षण के दौरान वैज्ञानिकों ने चूहों को केवल शुद्ध निकोटीन दिया था। इससे यह स्पष्ट हो गया कि बच्चों के स्वास्थ्य पर पड़ने वाला यह नकारात्मक प्रभाव सिगरेट के अन्य रसायनों के कारण नहीं, बल्कि सीधे तौर पर निकोटीन की वजह से है। इसका अर्थ हुआ कि ई-सिगरेट और वेपिंग, जिन्हें अक्सर कम हानिकारक माना जाता है, वे भी अगली पीढ़ी के लिए उतनी ही हानिकारक हैं।

# पांच साल में धूम्रपान करने वालों में 25 प्रतिशत युवाओं की संख्या बढ़ी

नारनौल। जिले में पांच सालों में सिगरेट पीने वालों की संख्या में करीब 25 प्रतिशत बढ़ोतरी हुई है जिनमें ज्यादातर युवाओं की संख्या है। स्कूल व कॉलेजों में पढ़ने वाले युवा स्टाइल मारने व स्टेटस दिखाने के लिए सिगरेट पीना शुरू करते हैं लेकिन बाद में वे आदी हो जाते हैं। सीएमओ डॉ. अशोक कुमार के बताया कि पांच सालों में सिगरेट पीने वालों की संख्या में करीब 25 प्रतिशत युवाओं की बढ़ोतरी हुई है। दूसरी ओर कुछ ऐसे भी लोग हैं जो 10 से लेकर 15 सालों से इस व्यसन के आदी रह चुके थे लेकिन अब उन्होंने धूम्रपान की लत से बिलकुल तौबा कर ली है। उनके अनुसार शुरूआत में उन्होंने सिगरेट शौकिया तौर पर शुरू की थी और बाद में वे इसके आदी होते चले गए। नागरिक




अस्पताल के कमरा नंबर 41 में बने तंबाकू निवारण केंद्र में गत 12 माह में सिगरेट बीड़ी की लत छोड़ने के लिए आने वाले युवाओं की संख्या 508 रही है जबकि इनमें से इस लत को पूरी तरह से छोड़ पाने में केवल 10 ही सफल हुए हैं इसके अलावा हर माह नागरिक अस्पताल में 300 से अधिक लोग इस लत को छोड़ने के लिए काउंसलिंग करवाने आते हैं। इंचार्ज एनटीसीपी डॉ. अनिल यादव के मुताबिक पिछले एक साल में जिले में सार्वजनिक स्थलों पर धूम्रपान करने वाले 53 लोगों के चालान काटे गए और इनसे कुल 1250 रुपये का चालान वसूला गया है। स्कूल में पढ़ने के दौरान कभी कभार शौक के तौर पर सिगरेट पीता था। उसके बाद खुद खरीद कर पीने लगे। करीब दस साल सिगरेट पीने के बाद बेटी की जिद पर अब दो साल से छोड़ दी।

दैनिक
# करंट क्राइम
www.currentcrime.com
सिर्फ सच...
03 ● नई दिल्ली। मंगलवार 17 मार्च -2026 दिल्ली व गाजियाबाद से एक साथ प्रकाशित




# शिक्षाविद रामअवतार जिंदल का सियासत में मास्टर स्ट्रोक
## सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के बने राष्ट्रीय अध्यक्ष







**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** शिक्षाविद रामअवतार जिंदल ने सियासत में मास्टर स्ट्रोक लगाया है और उन्होंने एक झटके में एक बड़ा मुकाम पाया है। शिक्षाविद रामअवतार जिंदल को उत्तर प्रदेश में भाजपा के सहयोगी दल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के व्यपार प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया गया है।

ये राजनीति में बड़ी उपलब्धि है और माना जा रहा है कि इसी के साथ साथ अब डॉ रामअवतार जिंदल पश्चिमी उत्तर प्रदेश का भी महत्वपूर्ण कामकाज संभालेंगे। बताते हैं कि महाराजगंज में आयोजित एक सभा में शिक्षाविद डॉ रामअवतार जिंदल के नाम पर मुहर लगी और वो पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाये गये। सूत्र बताते हैं कि शिक्षाविद डॉ रामअवतार जिंदल सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा उत्तर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री ओमप्रकाश राजभर के करीबी और विश्वस्त लोगों में गिने जाते हैं।

## डॉ रामअवतार जिंदल ने जताया पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष का आभार



करंट क्राइम। डॉ रामअवतार जिंदल राजनीतिक शख्सियत हैं, वो शिक्षाविद हैं और समाजसेवा से भी पूरा सरोकार रखते हैं। प्रतिष्ठित शख्सियत हैं और अपने सौम्य व्यवहार के लिए जाने जाते हैं। जब पार्टी के व्यापार प्रकोष्ठ के राष्ट्रीय अध्यक्ष के रूप में उनके नाम पर मुहर लगी तो यहां उन्होंने सबसे पहले अपने दिवंगत साथी अशोक अग्रवाल नमक वालों को याद किया। अशोक अग्रवाल नमक वालों का बीते दिनों सड़क हादसे में निधन हो गया था और उनके निधन के बाद से ये पद रिक्त चल रहा था। शिक्षाविद डॉ रामअवतार जिंदल ने सबसे पहले अपने साथी अशोक अग्रवाल नमक वालों को श्रद्धांजलि अर्पित की और फिर उन्होंने यह दायित्व दिये जाने पर सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष तथा कैबिनेट मंत्री ओपी राजभर का आभार व्यक्त किया। उन्होंने कहा कि हमारी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष ने मुझ जैसे कार्यकर्ता पर भरोसा जताया है मैं उस पर खरा उतरूंगा। मैं पूरी निष्ठा और समर्पण भाव के साथ काम करूंगा। मुझे जो जिम्मेदारी दी गई है मैं उसे पूरी कर्तव्यनिष्ठा से निभाऊंगा।

### डॉ रामअवतार जिंदल की ताजपोशी से वैश्य समीकरण को मिली है वेस्ट यूपी में मजबूती

करंट क्राइम। डॉ रामअवतार जिंदल राजनीति का वो चेहरा हैं जो आज के बदलते परिवेश में राजनीति का एक मजबूत फेस बनकर सामने आये हैं। वो आज की राजनीति के परिपेक्ष्य में उस कमी को पूरा कर रहे हैं जिसे जनता चाहती है। वो राजनीतिक समीकरण के बीच खुद को एक उच्च शिक्षित सौम्य, व्यवहार कुशल और कमिटेड नेता के रूप में स्थापित कर पाये हैं। सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी ने उन्हें व्यापार प्रकोष्ठ का राष्ट्रीय अध्यक्ष बनाया है। बड़ी बात ये है कि यह पार्टी उत्तर प्रदेश में विपक्ष नहीं बल्कि सरकार का हिस्सा है। सरकार का सहयोगी दल है और ऐसे में वैश्य चेहरे के रूप में डॉ रामअवतार जिंदल की ताजपोशी ने यहां वैश्य समीकरण को मजबूती दी है। पूर्वांचल और पश्चिमांचल की डोर को अब मजबूती मिलेगी। वैश्य समीकरण के साथ-साथ ये ताजपोशी राजनीति में एक नया अध्याय भी लिखेगी।

## डॉ रामअवतार जिंदल का बढ़ गया भगवा सियासत में कद

करंट क्राइम। वो सरकार के सहयोगी दल हैं और सरकार का हिस्सा हैं। ऐसे में जब डॉ रामअवतार जिंदल को बड़ी जिम्मेदारी मिली है तो ये उनका सियासी कद है। राजनीतिक जानकार इस बात को अब रालोद और सुहेलदेव भारतीय समाजवादी पार्टी के बीच एक समीकरण के रूप में देख रहे हैं। आने वाले समय की राजनीति में अब यहां अगर सियासी भागीदारी बढ़ती है तो पार्टी का पश्चिमांचल में सबसे सशक्त और मजबूत चेहरा डॉ रामअवतार जिंदल होंगे। अगर रालोद के कोटे से मंत्री पद आ सकता है तो अभी एमएलसी चुनाव दूर है और यहां कुछ भी हो सकता है। राजनीति पूरी तरह से संभावनाओं का खेल है। डॉ रामअवतार जिंदल राजनीति के उन सभी मानकों पर फिट बैठते हैं जो उच्च शिक्षित और संस्कारवान राजनीति के लिए जरूरी होते हैं। वो बेहतर प्रतिनिधित्व कर सकते हैं और बेहतर चेहरा विधान परिषद में हो सकते हैं। फिलहाल अभी सबकुछ भविष्य के गर्भ में है लेकिन संभावनाओं का संसार सुनेहरा दिखाई दे रहा है।

# हरीश राणा का हार्ट, लिवर और किडनी बचाएंगे आधा दर्जन जिंदगियां



**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** राजनगर एक्सटेंशन गाजियाबाद निवासी हरीश राणा की जिंदगी पिछले 13 वर्षों से अस्पताल और बिस्तर तक सीमित रही, लेकिन अब उनकी जिंदगी की आखिरी यात्रा भी कई लोगों के लिए नई उम्मीद लेकर आने वाली है। लंबे समय से परमानेंट वेजिटेटिव स्टेट में रह रहे हरीश राणा के मामले में सुप्रीम कोर्ट ने 11 मार्च को निष्क्रिय इच्छा मृत्यु (पैसिव यूथेनेशिया) की अनुमति दे दी थी। इसके बाद परिवार ने एक बड़ा और मानवीय फैसला लेते हुए उनकी मृत्यु के बाद अंगदान करने का निर्णय लिया है। परिवार का कहना है कि हरीश राणा की मृत्यु के बाद उनका हार्ट, लिवर और किडनी जरूरतमंद मरीजों को दान किया जाएगा, जिससे कई गंभीर मरीजों को नई जिंदगी मिल सकेगी।

इस फैसले ने न केवल गाजियाबाद बल्कि पूरे समाज में एक सकारात्मक संदेश दिया है कि जीवन के अंतिम क्षणों में भी इंसान दूसरों के लिए उम्मीद बन सकता है। हरीश राणा के पिता अशोक राणा ने भावुक होते हुए कहा कि पिछले 13 सालों से उनका बेटा एक ऐसी स्थिति में है जहां वह न बोल सकता है, न चल सकता है और न ही सामान्य जीवन जी सकता है। परिवार ने वर्षों तक हर संभव इलाज कराया, लेकिन डॉक्टरों ने साफ कर दिया कि अब उसके ठीक होने की कोई संभावना नहीं है।

ऐसे में सुप्रीम कोर्ट से मिली अनुमति के बाद परिवार ने यह कठिन लेकिन मानवीय निर्णय लिया। अशोक राणा का कहना है कि अगर उनके बेटे के अंग किसी दूसरे इंसान की जिंदगी बचा सकते हैं तो इससे बड़ी श्रद्धांजलि उनके लिए कोई नहीं हो सकती। उनका मानना है कि हरीश भले ही इस दुनिया में न रहें, लेकिन उनके अंग किसी के शरीर में धड़कते हुए जीवन देते रहेंगे।

### सात से आठ लोगों को मिलेगा हरीश के अंगों से लाभ

करंट क्राइम : डॉक्टरों के अनुसार यदि किसी मरीज को ब्रेन डेड घोषित कर दिया जाता है, तो उसके कई महत्वपूर्ण अंग जैसे हार्ट, लिवर, किडनी और अन्य अंग प्रत्यारोपण के लिए इस्तेमाल किए जा सकते हैं। वहीं यदि सामान्य मृत्यु हो जाती है तो मृत्यु के 6 से 8 घंटे के भीतर कॉर्निया (आंख की पुतली) निकालकर दूसरे मरीज में ट्रांसप्लांट की जा सकती है, जिससे किसी नेत्रहीन व्यक्ति की रोशनी वापस आ सकती है। विशेषज्ञों का कहना है कि एक व्यक्ति का अंगदान 7 से 8 लोगों की जिंदगी बचा सकता है और कई अन्य लोगों को नई जिंदगी दे सकता है। भारत में अभी भी अंगदान को लेकर जागरूकता की कमी है, जबकि लाखों मरीज हार्ट, लिवर और किडनी ट्रांसप्लांट का इंतजार करते रहते हैं। हरीश राणा के परिवार का यह फैसला समाज के लिए एक मिसाल बनता जा रहा है। गाजियाबाद के लोगों का कहना है कि यह कदम न केवल मानवता की सबसे बड़ी सेवा है, बल्कि यह भी दिखाता है कि कठिन परिस्थितियों में भी परिवार ने समाज के हित को प्राथमिकता दी। हरीश राणा की कहानी दर्द और संघर्ष की कहानी जरूर है, लेकिन उनके परिवार का यह फैसला उसे मानवता, त्याग और उम्मीद की कहानी बना देता है। आने वाले समय में जब किसी मरीज की धड़कनों में हरीश का दिल धड़केगा या किसी के शरीर में उनकी किडनी काम करेगी, तब यह साबित होगा कि इंसान भले चला जाए, लेकिन उसका दिया जीवन आगे चलता रहता है।

# सीपी-डीएम ऑफिस रोड पर खत्म होगा जाम, मुख्य मार्ग पर बनेंगे दो नए कट

**- सोमवार को अधिकारियों ने किया निरीक्षण**




**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** जिला मुख्यालय और पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय के पास लगने वाले जाम से राहत दिलाने के लिए ट्रैफिक पुलिस और नगर निगम ने नई योजना तैयार की है। सोमवार को डीसीपी ट्रैफिक त्रिगुण बिसेन, एसीपी ट्रैफिक रितेश त्रिपाठी और नगर निगम के चीफ इंजीनियर आरके चौधरी ने टीम के साथ पुलिस कमिश्नर कार्यालय से लेकर आईएमटी कट और नए गाजियाबाद फ्लावर तक पैदल निरीक्षण किया। इस निरीक्षण के दौरान पूरे मार्ग पर ट्रैफिक व्यवस्था को सुचारु करने के लिए दो नए कट बनाने का निर्णय लिया गया। पहला न्यू राज नगर कट फ्लावर से उतरते ही पानी के प्याऊ के पास बनाया जाएगा, जबकि दूसरा कट कलेक्ट्रेट के मुख्य द्वार के सामने प्रस्तावित है। इन दोनों कट को इस तरह से संचालित किया जाएगा ताकि वाहनों की आवाजाही सुचारु बनी रहे और जाम की समस्या कम हो सके।

### सर्विस लेन पर पार्किंग होगी बंद

करंट क्राइम : जिला मुख्यालय के मुख्य गेट से लेकर पुलिस कमिश्नरेट कार्यालय तक मुख्य मार्ग की सर्विस लेन पर अब वाहनों की पार्किंग नहीं होने दी जाएगी। अधिकारियों का कहना है कि सर्विस लेन पर खड़े वाहनों के कारण सड़क संकरी हो जाती है और जाम की स्थिति बनती है।

### पीक आवर्स में रहती है जाम की समस्या

करंट क्राइम : सुबह के समय और पीक आवर्स में जिलाधिकारी कार्यालय और पुलिस कमिश्नर ऑफिस के आसपास दोनों ओर लंबा जाम लग जाता है। इसी समस्या को देखते हुए नगर निगम और ट्रैफिक पुलिस संयुक्त रूप से सड़क पर नए कट बनाने और ट्रैफिक प्रबंधन में बदलाव की तैयारी कर रहे हैं। अधिकारियों के अनुसार जल्द ही इन कटों का निर्माण शुरू कराया जाएगा, जिससे इस मार्ग पर लगने वाले जाम से काफी हद तक राहत मिल सकेगी।

# सीपी ऑफिस के बाहर आत्मदाह का प्रयास, महिला-पुरुष को पुलिसकर्मियों ने बचाया



**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट परिसर के बाहर सोमवार को उस समय अफरा-तफरी मच गई, जब एक महिला और उसके साथ आए एक पुरुष ने आत्मदाह करने का प्रयास किया। दोनों ने खुद पर केरोसिन का तेल डाल लिया और आग लगाने की कोशिश करने लगे। मौके पर मौजूद मीडिया कर्मियों और पुलिसकर्मियों ने तुरंत हस्तक्षेप कर उन्हें बचा लिया, जिससे बड़ा हादसा टल गया।

जानकारी के अनुसार टीलामोड़ क्षेत्र से आया एक परिवार अपनी शिकायत को लेकर पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद के कार्यालय पहुंचा था। परिवार का आरोप है कि उनकी शिकायत पर थाना टीला मोड़ पुलिस ने संतोषजनक कार्रवाई नहीं की। इसी नाराजगी के चलते वे लोग सीधे कमिश्नर कार्यालय पहुंच गए। बताया जा रहा है कि जब पुलिस ने उन्हें परिसर के अंदर जाने से रोकने का प्रयास किया तो महिला और पुरुष ने विरोध करते हुए आत्मदाह की चेतावनी दी। इसी दौरान दोनों ने अपने ऊपर केरोसिन का तेल डाल लिया और आग लगाने का प्रयास किया। घटना देखते ही मौके पर मौजूद पुलिसकर्मियों और मीडिया प्रतिनिधियों ने तुरंत उन्हें पकड़ लिया और आग लगाने से रोक दिया। घटना के बाद पुलिस अधिकारियों में कुछ समय के लिए हड़कंप मच गया। सुरक्षा में तैनात पुलिसकर्मी और स्थानीय थाने की टीम तुरंत सक्रिय हो गई और दोनों को सुरक्षित हिरासत में लेकर पूछताछ की गई। सूत्रों के मुताबिक पूरे मामले की जांच के लिए एक अधिकारी को जिम्मेदारी सौंपी गई है। पुलिस यह भी पता लगा रही है कि परिवार की शिकायत क्या थी और उन्हें इतना कठोर कदम उठाने की नौबत क्यों आई।

अधिकारियों का कहना है कि जांच के आधार पर आगे आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। गौरतलब है कि इससे पहले भी कमिश्नरेट परिसर के बाहर कुछ लोग आत्मदाह का प्रयास कर चुके हैं। हालांकि सतर्कता के चलते अब तक किसी तरह की जनहानि नहीं हुई है, लेकिन ऐसी घटनाएं पुलिस प्रशासन के लिए चुनौती बनती जा रही हैं।

# नामित पार्षद वाले चेहरों की लिस्ट हो गई है जारी
## युवा चेहरों से लेकर वरिष्ठ चेहरों को मिली है यहां जिम्मेदारी

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** दैनिक करंट क्राइम ने पहले ही प्रकाशित कर दिया था कि महानगर की लिस्ट के साथ ही नामित पार्षदों की भी लिस्ट जारी होगी। एक बार फिर करंट क्राइम की सियासी भविष्यवाणी पूरी तरह सही साबित हुई है। इधर महानगर संगठन की लिस्ट आई और उधर नामित पार्षदों की भी सूची जारी हो गई। दस पार्षदों में पार्टी ने जातिगत फैक्टर का ध्यान रखा है और बड़ी बात ये कि यहां युवा चेहरों से लेकर वरिष्ठ चेहरों को स्थान दिया है। युवा चेहरों की बात करें तो यहां अंकुश अरोड़ा को नामित पार्षद बनाया गया है। पार्टी का युवा चेहरा है और ऊर्जावान कार्यकर्ता है। पार्टी के हर आयाम में, आंदोलन में सबसे आगे रहने वाले इस चेहरे को समर्पण और सक्रियता का ईनाम मिला है। उन्हें नामित पार्षद बनाया गया है। इसी तरह सुमन जाटव भी महिला चेहरे के रूप में, दलित फैक्टर के रूप में औ युवा चेहरे के रूप में पार्टी की पसंद बनी हैं। उन्हें नामित पार्षद बनाया गया है। यहां पर कमांडरी मैजिक दिखाई दिया है और उनके करीबी माने जाने वाले श्याम शर्मा की सियासी किस्मत खुली है उन्हें नामित पार्षद बनाया गया है।

वरिष्ठ चेहरों को भी सम्मान मिला है और यहां सबसे लंबे समय तक निगम कार्यकारिणी उपाध्यक्ष पद पर रहने वाले पूर्व पार्षद सुनील यादव को एक बार फिर से निगम में पारी खेलने का मौका मिला है। उन्हें नामित पार्षद बनाया गया है। वरिष्ठता के इस क्रम में पार्टी का मीडिया संभालने वाले प्रदीप चौधरी को नामित पार्षद की जिम्मेदारी मिली है। वरिष्ठता की बात करें तो यहां कविनगर के सरदार पम्मी सिंह को भी नामित पार्षद बनाया गया है। पार्टी के पुराने कार्यकर्ता हैं। इसी तरह यहां महिला चेहरे के रूप में और ठाकुर चेहरे के रूप में ज्योति चौहान को नामित पार्षद बनाया गया है। नदिया पार से संजय रावत को नामित पार्षद वाली जिम्मेदारी मिली है। लाईन पार से भगवत गुप्ता को नामित पार्षद बनाया गया है। मधुकर त्यागी को भी नामित पार्षद बनाया गया है।

# देश की प्रमुख जांच एजेंसियों ने गाजियाबाद में डाला डेरा, पाकिस्तानी कनेक्शन से सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

गौरव शशि नारायण

## दिल्ली कैंट स्टेशन और हरियाणा के संवेदनशील सैन्य क्षेत्रों में सीसीटीवी लगाए जाने की पुष्टि के बाद जांच और तेज

### क्राइम ब्रांच को मिलाकर जांच के लिए एसआईटी का हुआ गठन

**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** गाजियाबाद के कौशांबी क्षेत्र से पकड़े गए छह सदस्यीय संदिग्ध गैंग के मामले ने अब राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। प्रारंभिक जांच में पाकिस्तान कनेक्शन के संकेत मिलने और कई संवेदनशील स्थानों पर गुप्त रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की पुष्टि के बाद देशभर की प्रमुख जांच एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। इस पूरे मामले की जांच के लिए गाजियाबाद क्राइम ब्रांच कार्यालय इन दिनों राष्ट्रीय स्तर की एजेंसियों का केंद्र बनता जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक रविवार रात से लेकर सोमवार तक क्राइम ब्रांच कार्यालय और गाजियाबाद के कई ठिकानों में कई केंद्रीय और राज्य स्तरीय एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी लगातार मौजूद रहे और पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटे रहे। जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईबी, आईबी, दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस यूनिट, आतंकवाद निरोधक दस्ता यूपी, राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल सहित कई एजेंसियां सक्रिय हो चुकी हैं। इसके अलावा थल सेना, वायु सेना और नौसेना के खुफिया तंत्र ने भी इस पूरे मामले पर कड़ी निगरानी शुरू कर दी है और सुरक्षा से जुड़े अहम इनपुट साझा किए जा रहे हैं।

जांच एजेंसियों को अब तक मिली जानकारी के अनुसार पकड़ा गया गैंग केवल सामान्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल नहीं था, बल्कि संवेदनशील स्थानों की रेकी कर वहां की गतिविधियों की जानकारी जुटाने का काम कर रहा

संबंधित खबर, पृष्ठ 8

## संपादकीय

# पांच राज्यों की चुनौती

पांच राज्यों – असम, पश्चिम बंगाल , तमिलनाडु, केरल और एक केंद्र शासित पुडुचेरी में विधानसभा चुनाव का ऐलान हो चुका है। कहने के लिए ये राज्यों के इलेक्शन हैं, लेकिन इनमें ही जितने मतदाता रजिस्टर्ड हैं, उतने पूरे अमेरिका में नहीं। मुख्य चुनाव आयुक्त ज्ञानेश कुमार ने बहुत गर्व के साथ बताया भी कि ऑस्ट्रेलिया, फ्रांस, दक्षिण अफ्रीका, जर्मनी और कनाडा को मिलाकर कहीं 17.4 करोड़ वोटर्स होते हैं। लेकिन, इस चुनाव में संख्या इतनी बड़ी चुनौती नहीं है। SIR पर विवाद। उएउ ने बताया कि आयोग ने सभी चुनावी राज्यों का दौरा कर तैयारी परखी है। उन्होंने Special Intensive Revision यानी SIR का जिक्र किया कि कोई भी पात्र मतदाता छूटना नहीं चाहिए और कोई भी अपात्र मतदाता सूची में शामिल नहीं होना चाहिए। हालांकि हकीकत यही है कि SIR शुरू होने के बाद से ही विवाद ज्यादा हुए हैं। बड़े पैमाने पर नाम कटने को लेकर विपक्ष के कई आरोप हैं। पश्चिम बंगाल में खासकर आयोग और सत्ताधारी TMC के बीच टकराव देखने को मिला है। बंगाल में टकराव। जब मुख्य चुनाव आयुक्त तैयारियों का जायजा लेने कोलकाता पहुंचे थे, तो उन्हें विरोध-प्रदर्शन का सामना करना पड़ा था। मतदाताओं के नाम काटने का आरोप लगाते हुए पिछले दिनों मुख्यमंत्री ममता बनर्जी धरने पर बैठी थीं। सुप्रीम कोर्ट के अपीलीय ट्रिब्यूनल बनाने के निर्देश के बाद उन्होंने धरना खत्म किया था। राज्य में SIR से लगभग 63.66 लाख नाम कटे हैं और 60 लाख से ज्यादा विचाराधीन हैं। CEC के खिलाफ प्रस्ताव। चुनाव आयोग की विश्वसनीयता पर इस समय सबसे ज्यादा सवाल हैं। उएउ ज्ञानेश कुमार के खिलाफ अविश्वास प्रस्ताव से जाहिर है कि विपक्ष का भरोसा पूरी तरह से टूट चुका है। यह प्रस्ताव TMC की तरफ से लाया गया था और इस पर 193 सांसदों ने हस्ताक्षर किए। इसका मतलब, कम से कम इस मुद्दे पर विपक्ष एकजुट दिख रहा है। इसमें बिहार SIR का जिक्र है और यह भी आरोप कि CEC एक खास दल के हित में काम करते हैं। अब मसला यह नहीं है कि प्रस्ताव पास होता है या नहीं, महत्वपूर्ण यह है कि इन चुनावों के दौरान आयोग किस तरह से अपनी निष्पक्षता जाहिर करता है। विवाद हित में नहीं। चुनाव में सभी को बराबर मौके मिलें और किसी के साथ पक्षपात न हो, यह आयोग की जिम्मेदारी है। संवैधानिक संस्था होने के नाते यह जरूरी हो जाता है कि आयोग की मंशा पर सवाल उठाने का किसी को मौका न मिले। कभी इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन और कभी SIR जैसे विवाद आयोग के हित में नहीं हैं।

# स्पीड पोस्ट में बड़ा बदलाव: अब 24 घंटे में डिलीवरी, 17 मार्च से नई सेवा लॉन्च



**नई दिल्ली।** डाक विभाग 17 मार्च 2026 से अपनी नई 24 स्पीड पोस्ट सेवा शुरू करने जा रहा है। इस सेवा का शुभारंभ केंद्रीय संचार मंत्री ज्योतिरादित्य एम. सिंधिया और संचार राज्य मंत्री डॉ. चंद्र शेखर पेम्मासानी नई दिल्ली के आकाशवाणी भवन स्थित रंगभवन सभागार में दोपहर 12:30 बजे करेंगे। इस दौरान विभाग के वरिष्ठ अधिकारी भी मौजूद रहेंगे।

नई 24 स्पीड पोस्ट सेवा के तहत ग्राहकों को तत्काल और समयबद्ध शिपमेंट के लिए अगले दिन डिलीवरी की गारंटी दी जाएगी। पहले चरण में यह सुविधा दिल्ली, मुंबई, चेन्नई, कोलकाता, बंगलूरू और हैदराबाद में उपलब्ध होगी।

डाक विभाग का कहना है कि इस पहल से प्रीमियम एक्सप्रेस डिलीवरी सेवाओं को और मजबूत किया जाएगा। इसके साथ ही विभाग 24 और 48 स्पीड पोस्ट सेवाओं के जरिए क्रमशः डी+1 और डी+2 डिलीवरी समय-सीमा सुनिश्चित करेगा। इसके लिए समर्पित प्रोसेसिंग विंडो और प्राथमिकता वाले हवाई परिवहन की व्यवस्था की गई है।

### वेदांता 2,575 करोड़ रुपये जुटाएगी, डिबेंचर जारी करने को मंजूरी

वेदांता लिमिटेड ने सोमवार को कहा कि उसकी निदेशक समिति ने डिबेंचर जारी कर 2,575 करोड़ रुपये तक जुटाने को मंजूरी दे दी है। कंपनी ने बताया कि यह फंड जुटाव प्राइवेट प्लेसमेंट के आधार पर किया जाएगा। बीएसई को दी गई जानकारी के मुताबिक, समिति ने 1 लाख रुपये अंकित मूल्य वाले 2,57,500 अनसिक्योर्ड, रिडीमेबल, रेटेड, लिस्टेड, नॉन-कन्वर्टिबल डिबेंचर्स के आवंटन को मंजूरी दी है। इनकी कुल राशि 2,575 करोड़ रुपये होगी। कंपनी का कहना है कि यह फंडरेजिंग उसके वित्तीय स्रोतों में विविधता लाने और बैलेंस शीट को मजबूत करने की रणनीति का हिस्सा है। वेदांता लगातार अपने कर्ज को रीफाइनेंस करने और उधारी की लागत कम करने पर काम कर रही है।

# फरवरी में भारत का व्यापार घाटा घटकर 27.1 अरब डॉलर लेकिन वैश्विक तनाव से बढ़ी चिंता

**नई दिल्ली।** फरवरी 2026 में भारत के व्यापारिक मोर्चे पर एक मिली-जुली तस्वीर सामने आई है। ताजा आंकड़ों के अनुसार, देश का व्यापार घाटा मासिक आधार पर कम होकर 27.1 अरब डॉलर रह गया है। हालांकि, यह राहत अस्थाई साबित हो सकती है, क्योंकि पश्चिमी एशिया में ईरान विवाद के कारण बढ़ते भू-राजनीतिक तनाव और वैश्विक टैरिफ नीतियों में अनिश्चितता ने व्यापार प्रवाह और भारतीय निर्यातकों की धारणा पर दबाव डालना शुरू कर दिया है।

आयात-निर्यात की ताजा स्थिति

वाणिज्य मंत्रालय द्वारा सोमवार को जारी किए गए आंकड़ों के मुताबिक, फरवरी 2026 में भारत का वस्तु व्यापार घाटा 27.10 अरब डॉलर दर्ज किया गया। यह आंकड़ा जनवरी महीने के 34.68 अरब डॉलर के व्यापार घाटे से



काफी कम है। रॉयटर्स पोल में अर्थशास्त्रियों ने इस घाटे के 28.8 अरब डॉलर रहने का अनुमान लगाया था, जिससे ताजा आंकड़े बेहतर साबित हुए हैं। हालांकि, पिछले साल फरवरी के 14.42 अरब डॉलर के मुकाबले वार्षिक आधार पर घाटे में विस्तार हुआ है, जिसका मुख्य कारण आयात में भारी वृद्धि है।

आंकड़ों के अनुसार, फरवरी 2026 में भारत का निर्यात 36.61 अरब डॉलर और आयात 63.71 अरब डॉलर रहा। वहीं, चालू वित्त वर्ष (2025-26) में अप्रैल से फरवरी की अवधि के लिए, भारत का कुल वस्तु निर्यात पिछले वर्ष के 395.66 अरब डॉलर से 1.84% बढ़कर 402.93 अरब डॉलर तक पहुंच गया है। जानकारों का मानना है कि फरवरी के आंकड़ों में अभी खाड़ी क्षेत्र के इन तनावों का पूरा असर प्रतिबिंबित नहीं हुआ है।

**होर्मुज जलडमरूमध्य और कच्चे तेल का संकट :** इस पूरे घटनाक्रम में होर्मुज जलडमरूमध्य को लेकर चिंताएं फिर से गहरी हो गई हैं जो दुनिया के सबसे महत्वपूर्ण ऊर्जा शिपिंग मार्गों में से एक है। इस महत्वपूर्ण मार्ग में किसी भी तरह की बाधा से भारत के मासिक आयात का लगभग 50% हिस्सा (विशेष रूप से तेल और ऊर्जा शिपमेंट) प्रभावित हो सकता है।

# हरे निशान पर बंद हुआ शेयर बाजार

## सेंसेक्स 939 अंक चढ़ा, निफ्टी 23400 के पार

**नई दिल्ली।** भारतीय शेयर बाजार सोमवार को हरे निशान पर बंद हुआ। 30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 938.93 अंक उछलकर 75,502.85 अंक पर बंद हुआ। वहीं, 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 257.70 अंक की बढ़त के साथ 23,408.80 पर बंद हुआ। पिछले तीन कारोबारी दिनों में भारी गिरावट झेलने के बाद सोमवार को शेयर बाजार के बेंचमार्क सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी में 1 प्रतिशत से अधिक की तेजी आई, जिसका मुख्य कारण ब्लू-चिप बैंकिंग शेयरों में मूल्य-आधारित खरीदारी थी।



30 शेयरों वाला बीएसई सेंसेक्स 938.93 अंक या 1.26 प्रतिशत बढ़कर 75,502.85 पर बंद हुआ। दिन के दौरान इसने 75,805.27 का उच्च स्तर और 73,949.76 का निम्न स्तर छुआ। 50 शेयरों वाला एनएसई निफ्टी 257.70 अंक या 1.11 प्रतिशत चढ़कर 23,408.80 पर बंद हुआ। रुपया 10 पैसे गिरकर अमेरिकी डॉलर के मुकाबले अब तक के सबसे निचले स्तर 92.40 पर बंद हुआ।

### सेंसेक्स की कंपनियों का हाल

सेंसेक्स में सूचीबद्ध 30 कंपनियों में से अल्ट्राटेक सीमेंट के शेयरों में 4.22 प्रतिशत की तेजी आई। ट्रेंट, एचडीएफसी बैंक, महिंद्रा एंड महिंद्रा, एटर्नल, बजाज फाइनेंस, आईटीसी, टाटा स्टील और स्टेट बैंक ऑफ इंडिया सबसे ज्यादा लाभ कमाने वाली कंपनियों में शामिल थीं।

### यूरोपीय बाजारों में दिखी गिरावट

एशियाई बाजारों में, जापान का निक्केई 225 सूचकांक और शंघाई का एसएसई कंपोजिट सूचकांक गिरावट के साथ बंद हुए, जबकि दक्षिण कोरिया का बेंचमार्क कोस्पी और हांगकांग का हैंग सेंग सूचकांक बढ़त के साथ बंद हुए। यूरोप के बाजार ज्यादातर गिरावट के साथ कारोबार कर रहे थे। अमेरिकी बाजार शुक्रवार को गिरावट के साथ बंद हुआ।

### ब्रेंट क्रूड का भाव बढ़कर 104.4 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंचा

वैश्विक तेल मानक ब्रेंट क्रूड में 1.41 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई और यह 104.4 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल पर पहुंच गया। बाजार विनिमय आंकड़ों के अनुसार, विदेशी संस्थागत निवेशकों (एफआईआई) ने शुक्रवार को 10,716.64 करोड़ रुपये के शेयर बेचे। हालांकि, घरेलू संस्थागत निवेशकों (डीआईआई) ने 9,977.42 करोड़ रुपये के शेयर खरीदे। शुक्रवार को सेंसेक्स 1,470.50 अंक या 1.93 प्रतिशत गिरकर 74,563.92 पर बंद हुआ। निफ्टी 488.05 अंक या 2.06 प्रतिशत गिरकर 23,151.10 पर बंद हुआ।

# पश्चिम एशिया संकट के बीच भारत सतर्क: ऊर्जा आपूर्ति सामान्य

# ईरान से नागरिकों की सुरक्षित निकासी जारी

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में गहराते भू-राजनीतिक संकट के बीच भारत सरकार ने घरेलू ऊर्जा सुरक्षा और नागरिकों की सुरक्षित वापसी सुनिश्चित करने के लिए बहुआयामी रणनीति लागू की है। सरकार ने अपने ताजा बयान में बताया कि एक ओर ईरान से भारतीय नागरिकों को सुरक्षित निकाला जा रहा है, वहीं दूसरी ओर घरेलू मोर्चे पर ईंधन आपूर्ति शृंखला पूरी तरह से सामान्य है और देश की रिफाइनरियां अपनी अधिकतम क्षमता पर काम कर रही हैं।

**ऊर्जा सुरक्षा और ईंधन आपूर्ति की ताजा स्थिति :** इंद्रप्रस्थ गैस लिमिटेड ने ऑफर दिया है कि यदि कोई घरेलू उपभोक्ता 31 मार्च से पहले पीएनजी कनेक्शन लेता है और गैस खरीदना शुरू करता है, तो उसे 500 रुपये की मुफ्त गैस मिलेगी। गेल और भारत पेट्रोलियम कॉर्पोरेशन लिमिटेड (बीपीसीएल) जैसी प्रमुख कंपनियां भी उपभोक्ताओं को स्वच्छ ईंधन की ओर आकर्षित करने के लिए इसी तरह के प्रोत्साहन दे रही हैं।

**होर्मुज जलडमरूमध्य और समुद्री लॉजिस्टिक्स की सफलता :** पश्चिम एशिया संकट के दौरान ऊर्जा शिपमेंट के सुरक्षित परिवहन को लेकर भी सकारात्मक खबर आई है। बंदरगाह, पोत परिवहन और जलमार्ग मंत्रालय के विशेष सचिव



राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि फारस की खाड़ी से रवाना हुआ 'शिवालिक एलपीजी कैरियर' होर्मुज जलडमरूमध्य को सफलतापूर्वक पार कर चुका है और भारत की ओर बढ़ रहा है। इस पोत के शाम 5 बजे के आसपास भारतीय बंदरगाह पर पहुंचने की उम्मीद है। इसके आगमन से पूर्व ही बंदरगाह पर दस्तावेजीकरण और प्राथमिकता के आधार पर बर्थिंग की सभी व्यवस्थाएं पूरी कर ली गई हैं, ताकि आपूर्ति में कोई विलंब न हो।

**ईरान से भारतीय नागरिकों की निकासी :** अंतर-मंत्रालयी ब्रीफिंग में आर्थिक मोर्चे के साथ-साथ कूटनीतिक मोर्चे पर भी अपडेट साझा किए गए। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता रणधीर जायसवाल ने ईरान में फंसे भारतीयों की स्थिति पर जानकारी दी।

अब तक 550 से अधिक भारतीय नागरिक ईरान से भूमि सीमा के माध्यम से आर्मेनिया में सुरक्षित प्रवेश कर चुके हैं। इसके अलावा, लगभग 90 अन्य भारतीय नागरिकों ने ईरान से भूमि सीमा के रास्ते ही अजरबैजान में प्रवेश किया है।

इन सभी नागरिकों की सुरक्षित आवाजाही को तेहरान स्थित भारतीय दूतावास द्वारा सुगम बनाया गया है, जिसने वीजा और आव्रजन औपचारिकताओं में पूरी सहायता प्रदान की है। सरकारी अधिकारियों के ताजा बयान बताते हैं कि भारत पश्चिम एशिया के संकट से उत्पन्न होने वाली चुनौतियों का मजबूती से सामना कर रहा है। होर्मुज जलडमरूमध्य जैसे संवेदनशील समुद्री मार्ग से एलपीजी पोत की सुरक्षित वापसी और घरेलू रिफाइनरियों का पूर्ण क्षमता पर चलना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए बड़ी राहत है। इसके साथ ही, एलपीजी से पीएनजी की ओर स्थानांतरण के दीर्घकालिक प्रयास और नागरिकों की त्वरित निकासी सरकार के सक्रिय नीतिगत प्रबंधन को रेखांकित करते हैं।

## रोचक तथ्यों का करंट

- धरती से किसी उल्कापिंड के टकराने का खतरा 9300 में से एक बार होता है।
- Albert Einestein के अनुसार हम रात को आकाश में लाखों तारे देखते है , लेकिन वह उस जगह नही होते बल्कि कही और होते है। हमें तों उनके द्वारा छोडा गया कई लाख प्रकाश साल पहले का प्रकाश होता है। न्यूक्लीयर रिएक्टरों को ठंडा किया जाए तो सुक्ष्म जिव भी संघर्ष कर सकते है।
- पुरुष में 1000 स्पर्म एक सेकंड में बनते है।
- एक तूफान में 8000 मेगाटन बम के निर्माण जितनी उर्जा होती है।
- किसी एक आकाश गंगा के सारे तारे नमक के दाने जितने हो जाए तो वह Olympic का पूरा Swimming pool भर सकते हैं।
- दुनिया का सबसे छोटा कीड़ा तंजानियन पैरासिटिक वास्प है जो एक मक्खी की आँख से भी छोटा है।
- अंटार्कटिका का सबसे बड़ा ग्लेशियर अल्म्बेर्ट ग्लेशियर है जो 250 मील लंबा और 40 मील चौड़ा है।
- तापमान चाहे कितना भी कम क्यों न हो जाए, गैसोलीन कभी भी नहीं जमता।

## करंट क्राइम

## 17 03 2026 करंट क्राइम

### सेलेब्रिटी जन्मदिन

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामनाएं


# आज के जन्मदिन



सायना नेहवाल (खिलाडी)



शांति सिंह



नेहा सिंह



प्रहलाद



विवेक त्यागी



प्रतीक शर्मा



डॉ भवानी शंकर



योगेश गौतम



राहुल राजपूत




राजू रावत





राहुल



राकेश सिंह



आशीष रावत



अरविंद त्यागी



रूद्र



विशाल जैन



मेहराग मलिक



सूचना : आप भी अपने जन्मदिन को विशेष बना सकते हैं। अपना फोटो नाम के साथ हमें नीचे लिखे ईमेल पर भेजें। हम उसे दैनिक करंट क्राइम में स्थान देंगे।
Email : currentcrimenews@gmail.com

## राशिफल

**मेष :** दिन फायदेमंद साबित हो सकता है। व्यापार के क्षेत्र में बड़ी सफलताएं मिलने के योग बन रहे हैं। ज्यादा उत्साह के कारण कोई गलतफहमी हो सकती है।

**वृष :** दिन भाग्य की बेहतरी वाला साबित होगा। निजी प्रयासों से आपको सफलता मिलेगी। भाग्य चमकेगा और घूमने जाने का मौका मिलेगा। मन खुश रहेगा।

**मिथुन :** पारिवारिक रिश्ते मजबूत होंगे। थोड़ी-सी मेहनत करके आप अपने उद्देश्यों को आसानी से प्राप्त कर लेंगे। आपके आर्थिक स्थिति में काफी सुधार होगा।

**कर्क :** व्यापारिक दृष्टिकोण से आपको भारी धन लाभ हो सकता है। पारिवारिक जीवन सुखमय और आनंददायक रहेगा। प्रेमियों के मध्य कुछ मनमुटाव हो सकता है।

**सिंह :** आपके लिए आज का दिन थोड़ा कमजोर रहेगा। स्वास्थ्य पीड़ित रहेगा और कामों में विलंब होगा। आपकी मेहनत को रंग लाने में समय लगेगा।

**कन्या :** दिन खुशियों से भरा रहेगा। ऑफिस में सभी लोगों के साथ बेहतर तालमेल बना रहेगा। नए स्रोतों से धन लाभ आपकी आर्थिक स्थिति को संतुलित कर देगा।

**तुला :** आपके लिए दिन फायदेमंद साबित हो सकता है। वाहन सावधानी से चलाएं। आपको उधार को कम करना चाहिए और सट्टा निवेश से भी बचना चाहिए।

**वृश्चिक :** दिन अच्छा रहेगा। किसी यात्रा पर जाने में बेहतर रहेगा कोई छोटी दूरी की यात्रा हो सकती है जो आपको मानसिक तौर पर खुशी भी देगी।

**धनु :** परिवारवालों के साथ खुशी के पल बितायेंगे। आर्थिक पक्ष मजबूत बना रहेगा। इस राशि के कॉमर्स स्टूडेंट्स को अपने शिक्षकों का पूरा-पूरा सहयोग प्राप्त होगा।

**मकर :** रिश्तेदारों से एक बड़ा उपहार प्राप्त कर सकते हैं। चोट या कोई छोटी-मोटी दुर्घटना होने के भी योग बन रहे हैं। व्यक्तिगत संबंधों को बहुत शांत रखें।

**कुंभ :** दिन अच्छा रहेगा हालांकि कई मोर्चों पर ध्यान देने की आवश्यकता होगी जिनमें से एक स्वास्थ्य है और दूसरा आपका धन स्वास्थ्य कमजोर रह सकता है।

**मीन :** आज आप अपना लक्ष्य निर्धारित करने के लिए कोई नई योजना बनाएंगे। घरेलू समस्याओं को शांतिपूर्ण ढंग से सुलझाने में आप सफल होंगे।

## चुटकुले

पिता बेटे पर गुस्सा करते हुए- एक काम ढंग से नहीं होता तुझसे, तुम्हें पुदीना लाने के लिए कहा था और तुम ये धनिया ले आए, तुझ जैसे बेवकूफ को तो घर से निकाल देना चाहिए।
बेटा- पापा चलो इकट्ठे ही चलते है।
पिता- क्यों?
बेटा- मम्मी कह रही थी कि ये मेथी है।

---

टीचर : बताओ बिजली कहाँ से आती है?
पप्पू : मामा के घर से।
टीचर : कैसे?
पप्पू : क्योंकि जब भी बिजली जाती है, पापा कहते हैं सालों ने फिर बिजली काट दी!

---

डॉक्टर : अब आप खतरे से बाहर है, फिर भी आप इतना डर क्यों रहे हैं।
मरीज : जिस ट्रक से मेरा एक्सीडेंट हुआ था उस पर लिखा था-जिंदगी रही तो फिर मिलेंगे।

प्रिय पाठकों,
आप भी हमें भेज सकते हैं अपनी लिखी हुई कविता, चुटकुले, विचार, आर्टिकल या शहर से जुड़ी हुई कोई भी समस्या। हम उसे प्रमुखता से प्रकाशित करेंगे।

करंट क्राइम
K-4, A-Block, Govindpuram Commercial Area, Near LG Showroom, Ghaziabad, Mob 09899655497
Email: currentcrimenews@gmail.com
Website: www.currentcrime.com

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक व सम्पादक मनोज कुमार ने ए.जी.एस. पब्लिकेशन, एफ-23, सैक्टर-6, नोएडा-201301 (गौतमबुद्धनगर) उत्तर प्रदेश से छपवाकर कार्यालय 'करंट क्राइम' बी-2बी/295, जनकपुरी, नई दिल्ली-110058 से प्रकाशित किया। R.N.I NO. DELHIN/2015/65364

सम्पादक : मनोज कुमार
समाचार संपादक दीपक भाटी

संरक्षक : राकेश यादव, विवेक भाटी

दैनिक करंट क्राइम
समाचार पत्र में किसी भी तरह के डिस्प्ले एवं वर्गीकृत विज्ञापन (खोया-पाया, संबंध-विच्छेद, कोर्ट नोटिस, जीडीए सूचना, नाम परिवर्तन) आदि के लिए निम्न फोन नंबर एवं पते पर संपर्क करें।
संपर्क : के-2, ए ब्लॉक, कॉमर्शियल मार्केट, गोविन्दपुरम, गाजियाबाद
मो. : 9818606318 (हरीश कुमार)
8630290003 (विष्णु गुप्ता)



# आरसीबी प्रशंसकों को मिली बड़ी राहत

## चिन्नास्वामी स्टेडियम करेगा मैचों की मेजबानी, समिति ने दी मंजूरी

**नई दिल्ली।** बंगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम को आईपीएल मैचों की मेजबानी करने की मंजूरी मिल गई है। कर्नाटक सरकार द्वारा गठित की गई विशेषज्ञों की समिति ने स्टेडियम को मैच आयोजित करने की हरी झंडी दे दी है।

आईपीएल 2026 सीजन से पहले रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु (आरसीबी) के प्रशंसकों को बड़ी राहत मिली है। ईएसपीएनक्रिकइंफो की रिपोर्ट के अनुसार, राज्य सरकार द्वारा गठित की गई विशेषज्ञों की समिति ने बंगलूरू के चिन्नास्वामी स्टेडियम में आईपीएल के मुकाबले आयोजित करने की मंजूरी दे दी है। आरसीबी को होम प्रारूप में अपने पांच मैच चिन्नास्वामी में खेलने हैं, जबकि दो मुकाबले टीम रायपुर में खेलेगी। आईपीएल का 19वां सीजन 28 मार्च से शुरू हो रहा है और गत चैंपियन आरसीबी पहले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद का सामना करेगी। केएससीए के अधिकारियों, आरसीबी के शीर्ष प्रबंधन और जी महेश्वर राव की अध्यक्षता वाली विशेषज्ञ समिति के सदस्यों की सोमवार को बैठक हुई जिसके बाद अंतिम मंजूरी दी गई। चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी के पांच घरेलू मैच खेले जाएंगे, जबकि अन्य दो मैच रायपुर के शहीद वीर नारायण स्टेडियम में होंगे। यह फ्रेंचाइजी और छत्तीसगढ़ सरकार के बीच पहले से हुए समझौते के अनुसार है। वहीं, आईपीएल नियमनुसार चिन्नास्वामी स्टेडियम फाइनल मैच की मेजबानी भी करेगा। हालांकि, अभी आईपीएल का पूरा कार्यक्रम घोषित नहीं किया गया है, लेकिन यह तय हो गया है कि चिन्नास्वामी स्टेडियम में आरसीबी के मुकाबले होंगे। भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने हाल ही में जब आईपीएल का कार्यक्रम घोषित किया था तो यह स्पष्ट लिखा था कि चिन्नास्वामी स्टेडियम में मैच आयोजित होना सरकार की मंजूरी पर निर्भर करेगा।




### केएससीए अधिकारियों ने समिति से की थी मुलाकात

कर्नाटक राज्य क्रिकेट संघ (केएससीए) के अधिकारियों ने शुक्रवार को राज्य सरकार द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति से मुलाकात की थी और आईपीएल के मौजूदा सत्र से पहले एम. चिन्नास्वामी स्टेडियम में किए जा रहे सुरक्षा उपायों का विस्तृत विवरण प्रस्तुत किया था। आरसीबी की टीम सत्र के उद्घाटन मैच के अलावा उद्घाटन समारोह का आयोजन भी यहीं करेगी। आरसीबी और उससे संबंधित परिचालन एजेंसियों के प्रतिनिधियों ने आगामी आईपीएल मैचों के सुचारू और व्यवस्थित संचालन के लिए अपनी तैयारियों और परिचालन योजनाओं की प्रस्तुति भी दी।

- दरअसल, आरसीबी ने पिछले सीजन आईपीएल का खिताब पहली बार अपने नाम किया था।
- आरसीबी के फैंस ने इस ऐतिहासिक जीत का जश्न धूमधाम से मनाया था और जब टीम ट्रॉफी लेकर बंगलूरू पहुंची तो टीम का सम्मान किया गया।
- राज्य सरकार ने पहले टीम का सम्मान किया और फिर आरसीबी खिलाड़ियों को केएससीए द्वारा चिन्नास्वामी स्टेडियम में सम्मानित किया गया।
- टीम के पहुंचने से पहले ही चिन्नास्वामी स्टेडियम के बाहर भगदड़ मच गई थी और देखते ही देखते जश्न मातम में बदल गया था।
- चार जून 2025 को हुई इस भगदड़ में 11 लोगों की मौत हुई थी और कई लोग घायल हो गए थे।

# सिनर ने मेदवेदेव और सबालेंका ने रिबाकिना को हराया

## दोनों पहली बार जीते इंडियन वेल्स खिताब





**नई दिल्ली।** यानिक सिनर ने दानिल मेदवेदेव को और एरिना सबालेंका ने एलेना रिबाकिना को हराकर पहली बार इंडियन वेल्स का खिताब जीता।

यानिक सिनर ने दूसरे सेट के टाइब्रेकर में लगातार सात अंक बनाकर पिछड़ने के बाद वापसी करते हुए दानिल मेदवेदेव को 7-6, 7-6 से हराकर पहली बार एक भी सेट गंवाए बिना इंडियन वेल्स खिताब जीता। दुनिया के दूसरे नंबर के खिलाड़ी सिनर ने मेदवेदेव को पिछले दस मुकाबलों में नौवीं बार हराया।

मेदवेदेव ने सेमीफाइनल में शीर्ष वरीयता प्राप्त कार्लोस अल्काराज को मात दी थी। महिला वर्ग में दुनिया की नंबर एक खिलाड़ी एरिना सबालेंका ने एलेना रिबाकिना को 3-6, 6-3, 7-6 से हराकर खिताब जीता। इससे पहले 2023 और 2025 में उपविजेता रही सबालेंका का यह पहला खिताब है।

# 'अब क्या ICC ट्रॉफी चुराओगे', बांग्लादेश से सीरीज हारने पर पाकिस्तानी ने मोहसिन नकवी को लताड़ा






**ढाका।** पाकिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-1 से हार मिली है। बांग्लादेश ने पाकिस्तान के खिलाफ 11 साल बाद कोई द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीती है। पाकिस्तान क्रिकेट टीम की खूब आलोचना हो रही है। पहले गलत चयन को लेकर पीसीबी की आलोचना हुई थी, अब हार को लेकर भी पूर्व पाकिस्तानी क्रिकेटर्स अपनी टीम के खिलाफ ही आग उगल रहे हैं।

पाकिस्तान को बांग्लादेश दौरे पर तीन मैचों की वनडे सीरीज में 2-1 से हार मिली है। इसके बाद पाकिस्तान क्रिकेट की खूब आलोचना हो रही है। पाकिस्तान के विश्वकप विजेता क्रिकेटर कामरान अकमल ने पाकिस्तान क्रिकेट बोर्ड (पीसीबी) के अध्यक्ष मोहसिन नकवी पर ही निशाना साधा है और कहा है कि क्या अब हम आईसीसी ट्रॉफी भी चुराएंगे। अकमल का यह बयान नकवी पर तंज था, क्योंकि नकवी भारत के एशिया कप 2025 जीतने के बाद भारतीय खिलाड़ियों द्वारा उनके हाथ से ट्रॉफी लेने से मना करने पर ट्रॉफी लेकर भाग गए थे। एशिया कप की ट्रॉफी अब तक भारतीय टीम को नहीं मिली है और अभी तक नकवी के ऑफिस में है।

**बांग्लादेश ने पाकिस्तान को हराया:** दरअसल, बांग्लादेश ने रोमांचक मुकाबले में पाकिस्तान को तीन मैचों की वनडे सीरीज के तीसरे और आखिरी मुकाबले में 11 रन से हराकर 2-1 से सीरीज अपने नाम कर ली। तीसरे वनडे में पहले बल्लेबाजी करते हुए बांग्लादेश ने 50 ओवर में 290 रन बनाए। जवाब में पाकिस्तान की टीम 50 ओवर में 279 रन ही बना सकी और मैच 11 रन से हार गई।

### अकमल ने प्रदर्शन की आलोचना की

अब पाकिस्तान की 2009 टी20 विश्वकप जीतने वाली टीम का हिस्सा रहे कामरान अकमल ने तीसरे वनडे में हार के बाद कहा, 'हालात अब ऐसे हैं कि नीदरलैंड्स हमसे सीरीज खेलना चाहता है। वह हमें हराकर टेस्ट टीम होने का दर्जा ले लें। पाकिस्तान क्रिकेट के अब ये हालात हैं। बांग्लादेश ने तीसरे वनडे में आसानी से 350 रन बनाए होते, लेकिन वह 290 रन ही बना सके। लिटन दास ने धीमी पारी खेली। इसके बावजूद पाकिस्तान की टीम हार गई।'

### 'अब क्या आईसीसी ट्रॉफी चुराएंगे नकवी'

कामरान अकमल ने कहा, 'अगर आप मैचों में विपक्षी टीमों को नहीं हरा सकते तो क्या अब आप आईसीसी ट्रॉफी चुराकर घर लाएंगे? आप इतने परेशान क्यों हो रहे हैं? यह क्रिकेट नहीं, कॉमेडी सीरियल लग रहा है। मैं तो इसे उसी तरह देखकर एंजॉय कर रहा हूं। हम अब इसके आदी हो चुके हैं। यह टीम मैनेजमेंट तीन मैचों में 30 खिलाड़ियों को भी खिला दे, तब भी नतीजा यही रहेगा। उन्हें नतीजों की कोई चिंता नहीं है। उन्हें सिर्फ प्रयोग करना है। उन्हें समझ ही नहीं आ रहा कि पाकिस्तान क्रिकेट लगातार नीचे जा रहा है। आज वे 10वें नंबर की टीम से हार गए। अब इसका जवाब क्या देंगे? फैंस का दिल टूट रहा है और वे अब क्रिकेट में दिलचस्पी खोने लगे हैं।'

# पाकिस्तानी कोच हेसन को बनाया जा रहा बलि का बकरा

**मुंबई।** बांग्लादेश से सीरीज हारने के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में चयन को लेकर विवाद बढ़ गया है। चयनकर्ताओं ने कोच माइक हेसन को मिली पूरी चयन शक्ति पर सवाल उठाए हैं। आकिब जावेद ने कहा कि चयनकर्ता 21 खिलाड़ियों की सूची देते हैं, जबकि अंतिम टीम और प्लेइंग इलेवन का फैसला कोच और कप्तान करते हैं।

पाकिस्तान को बांग्लादेश के खिलाफ मिली हार के बाद पाकिस्तान क्रिकेट में नया विवाद शुरू हो गया है। टीम के चयन को लेकर कोच और चयनकर्ताओं के बीच मतभेद खुलकर सामने आ गए हैं। दरअसल, पाकिस्तान के राष्ट्रीय चयनकर्ता कोच माइक हेसन को टीम चयन में मिली पूरी शक्ति से खुश नहीं बताए जा रहे हैं। इसी मुद्दे पर शनिवार को लाहौर में चयनकर्ताओं ने प्रेस कॉन्फ्रेंस की। बांग्लादेश ने तीन मैचों की वनडे सीरीज में पाकिस्तान को 2-1 से शिकस्द दी। साथ ही पाकिस्तान के खिलाफ 11 साल बाद द्विपक्षीय वनडे सीरीज जीती।

### चयन प्रक्रिया पर उठे सवाल

## चयनकर्ता ने उन पर हार का ठीकरा फोड़ा




पाकिस्तान के सीनियर चयनकर्ता आकिब जावेद ने साफ कहा कि टीम चयन की मौजूदा व्यवस्था पर फिर से विचार किया जाएगा। उन्होंने कहा, 'जब टीम बांग्लादेश दौरे से वापस आएगी, तब हम कोच और कप्तान के साथ बैठकर राष्ट्रीय टीम के लिए एक बेहतर चयन प्रणाली पर चर्चा करेंगे।' आकिब जावेद ने यह भी बताया कि पहले चयनकर्ता टीम चयन में ज्यादा सक्रिय भूमिका निभाते थे।

**पहले चयनकर्ता तय करते थे प्लेइंग इलेवनः** आकिब जावेद ने बताया कि पहले चयनकर्ता न सिर्फ टीम चुनते थे बल्कि प्लेइंग इलेवन के फैसले में भी शामिल होते थे। उन्होंने कहा, 'जब तक माइक हेसन ने पद नहीं संभाला था, तब तक चयनकर्ता घरेलू और विदेशी सीरीज में प्लेइंग इलेवन तय करने की प्रक्रिया का भी हिस्सा होते थे।' हालांकि उन्होंने यह भी स्पष्ट किया कि हाल के समय में इस व्यवस्था में बदलाव किया गया है।

### 21 खिलाड़ियों की सूची देते हैं चयनकर्ता

टीम चयन को लेकर उठे सवालों पर आकिब जावेद ने स्पष्ट किया कि चयनकर्ता अपनी भूमिका निभाते हैं। उन्होंने कहा, 'चयनकर्ता 21 खिलाड़ियों की सूची देते हैं। इसके बाद कोच और कप्तान मिलकर उसमें से 15 खिलाड़ियों को चुनते हैं और हर मैच के लिए प्लेइंग इलेवन तय करते हैं।' इस बयान से साफ संकेत मिलता है कि अंतिम निर्णय कोच और कप्तान के हाथ में होता है।

### लगातार बदलाव भी बना बड़ी समस्या

आकिब जावेद ने पाकिस्तान क्रिकेट की मौजूदा स्थिति के लिए लगातार होने वाले बदलावों को भी जिम्मेदार ठहराया। उन्होंने कहा, 'जैसे ही हम कोई मैच या सीरीज हारते हैं या किसी टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन नहीं करते, हर तरफ से आलोचना शुरू हो जाती है और बदलाव की मांग उठने लगती है। आलोचकों में धैर्य और सहनशीलता की कमी है और इससे पाकिस्तान क्रिकेट को फायदा नहीं हुआ है।'

# आईपीएल के आगामी सीजन के लिए तैयार पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस



**मुंबई।** मुंबई इंडियंस ने आईपीएल 2026 सीजन की तैयारियां शुरू कर दी हैं। टीम के कई खिलाड़ी इस दौरान मौजूद रहे, जबकि रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और कप्तान हार्दिक पांड्या फिलहाल टीम से नहीं जुड़े हैं।

पांच बार की चैंपियन मुंबई इंडियंस ने सोमवार को 28 मार्च से शुरू हो रहे इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) के आगामी सत्र के लिए अभ्यास शुरू कर दिया। अभ्यास के लिए पहुंचने वाले पहले समूह में शार्दुल ठाकुर, मयंक मार्कंडेय, अल्लाह गजांफर, नमन धीर, राजा अंगद बावा, रॉबिन मिंज, रघु शर्मा, मयंक रावत, दानिश मालेवार, मोहम्मद इजहार और अश्वनी कुमार शामिल थे।

**जल्द टीम से जुड़ेंगे रोहित-बुमराह और हार्दिक**

रोहित शर्मा, जसप्रीत बुमराह और कप्तान हार्दिक पांड्या आने वाले दिनों में शिविर में जुड़ेंगे। मुंबई को पहला मैच 29 मार्च को वानखेड़े स्टेडियम पर कोलकाता नाइट राइडर्स (केकेआर) से खेलना है। मुंबई इंडियंस के मुख्य कोच महेला जयवर्धने ने कहा, सत्र के पूर्व शिविर में पहला दिन हमेशा खास होता है। खिलाड़ी आते हैं, ऊर्जा का संचार होता है और अच्छे प्रदर्शन पर जोर रहता है। हमारे पास मुंबई इंडियंस के साथ काफी समय से जुड़े खिलाड़ी और कुछ नए चेहरे भी हैं।

# 'पॉली उमरीगर क्रिकेटर ऑफ द ईयर' रैपिड फायर राउंड में हुए अजब-गजब खुलासे

**नई दिल्ली।** बीसीसीआई के नमन अवॉर्ड्स 2026 में क्रिकेट सितारों की महफिल सजी, जहां महिला खिलाड़ियों की खूबसूरती और स्टाइल ने सबका ध्यान खींच लिया। समारोह में शुभमन गिल को 'पॉली उमरीगर क्रिकेटर ऑफ द ईयर' और स्मृति मंधाना को पांचवीं बार सर्वश्रेष्ठ महिला क्रिकेटर का अवॉर्ड दिया गया।

भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) ने रविवार को नई दिल्ली में सम्मान समारोह आयोजित किया। इस दौरान पिछले लगभग एक साल में पांच आईसीसी ट्रॉफीज जीतने का जश्न मनाया गया। साथ ही भारतीय क्रिकेटरों को अलग-अलग अवॉर्ड से सम्मानित भी किया गया। समारोह के दौरान एंकर हर्षा भोगले ने वैभव सूर्यवंशी, हार्दिक पांड्या, संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा के साथ रैपिड फायर राउंड खेला। इस दौरान चारों ने कुछ हैरान कर देने वाले जवाब दिए।







बता दें कि राजस्थान रॉयल्स के युवा स्टार बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी को आईपीएल 2025 के बाद सुपर स्ट्राइकर ऑफ द सीजन अवॉर्ड से नवाजा गया था।

इस अवॉर्ड के साथ उन्हें टाटा कर्व कार इनाम के तौर पर मिली थी। बिहार के लाल ने इस सत्र में कमाल का प्रदर्शन किया जिसका अब उन्हें फल मिला था। दिलचस्प बात यह है कि वैभव इस कार को चला नहीं पाए। इसका सबसे बड़ा कारण उनकी उम्र है। दरअसल, अभी वह सिर्फ 14 साल के हैं और उनका ड्राइविंग लाइसेंस भी नहीं बना है।

**हर्षा भोगले:** पहला मैच जो स्टेडियम में देखा हो?
**संजू सैमसन:** मेरे लिए वह एक आईपीएल मैच था, जिसका मैं हिस्सा था। कभी अलग से जाकर स्टेडियम में मैच नहीं देखा।
**हर्षा भोगले:** पसंदीदा फिल्म या पसंदीदा एक्टर?
**अभिषेक शर्मा:** पसंदीदा मूवी थ्री इडियट्स है, मैंने उस मूवी को काफी एंजॉय किया। और पसंदीदा एक्टर हमेशा बदलता रहता है। यह उस पर निर्भर करता है कि मैं कौन सी मूवी देख रहा हूं।
**संजू सैमसन:** रजनीकांत सर की कोई भी मूवी।
**हार्दिक पांड्या:** मेरी पसंदीदा फिल्म थोड़ी सी अलग है। मेरी पसंदीदा फिल्म गॉडजिला है। मैंने यह फिल्म हॉल में जाकर सबसे ऊपर वाली सीट पर बैठकर देखी थी। एक्टर नहीं है कोई।
**वैभव सूर्यवंशी:** धुरंधर मूवी पसंद है सर।

# IPL में गेल के 175 रन का रिकॉर्ड तोड़ना चाहेंगे वैभव सूर्यवंशी

**नई दिल्ली।** आईपीएल में उभरते बल्लेबाज वैभव सूर्यवंशी से जब पूछा गया कि वह कौन सा रिकॉर्ड बनाना चाहेंगे, एक ओवर में छह छक्के, क्रिस गेल के 175 रन या सबसे तेज शतक. तो उन्होंने दिलचस्प जवाब दिया। सूर्यवंशी ने खुलासा किया कि उनके लिए कौन सा कारनामा सबसे खास होगा।

नई दिल्ली में आयोजित बीसीसीआई के 'नमन' कार्यक्रम में क्रिकेट के कई सुपरस्टार्स पहुंचे। हाल ही में टी20 विश्वकप जीतने वाली सीनियर भारतीय टीम से लेकर इस साल अंडर-19 विश्वकप जीतने वाली भारतीय टीम तक, सभी टीमों को बोर्ड ने सम्मानित किया। भारत को अंडर-19 विश्वकप जिताने में अहम भूमिका निभाने वाले वैभव सूर्यवंशी भी कार्यक्रम में पहुंचे। इस दौरान मंच का संचालन कर रहे कमेंटेटर हर्षा भोग्ले ने वैभव के सामने कुछ रिकॉर्ड्स रखे और पूछा कि इनमें से कौन से रिकॉर्ड को वह तोड़ना या बनाना चाहेंगे। इस पर वैभव ने जो चुना, उसने सभी का दिल जीत लिया। आइए जानते हैं...





**कौन सा रिकॉर्ड बनाना चाहते हैं वैभव**

एक सेशन में हर्षा भोग्ले के साथ स्टेज पर वैभव, हार्दिक पांड्या, संजू सैमसन और अभिषेक शर्मा मौजूद थे। इस दौरान हर्षा ने वैभव से कहा, 'तीन चीजें बताता हूं आपको। आप बताइए कि इनमें सबसे बड़ी ख्वाहिश आपकी किस चीज की होगी? एक ओवर में छह छक्के? क्रिस गेल जो आपकी तरह लेफ्ट हैंडेड थे, उन्होंने 175 बनाए थे आईपीएल में? या फिर आईपीएल में सबसे तेज शतक? वैसे दूसरा सबसे तेज शतक किसने किया है, क्या ये आपको पता है?' इस पर वैभव ने जवाब दिया, 'मैंने ही किया है।'

इस पर हर्षा ने कहा, 'तो तीन चीजें बताईं, आपकी ख्वाहिश सबसे ज्यादा किस चीज की है?' इस पर वैभव ने जवाब दिया, 'सर ख्वाहिश 175 रन के रिकॉर्ड को तोड़ने का है।'

**वैभव कर सकते हैं कमाल**

वैभव हाल फिलहाल में जिस तरह के फॉर्म में दिखे हैं, वह आने वाले समय में गेल का रिकॉर्ड तोड़ दें तो हैरानी नहीं होगी। वैभव आने वाले समय के सुपरस्टार माने जा रहे हैं। उन्होंने आईपीएल में 35 गेंद पर शतक लगाया था, जो कि इस लीग का दूसरा सबसे तेज शतक है। हालांकि, भारतीय बल्लेबाजों में यह सबसे तेज है। गेल ने 2013 में आरसीबी से खेलते हुए पुणे वॉरियर्स के खिलाफ 30 गेंद में शतक जड़ा था। वहीं, वैभव ने 2025 में आरआर से खेलते हुए गुजरात टाइटंस के खिलाफ 35 गेंद में शतक जड़ा। तीसरे नंबर पर यूसुफ पठान हैं, जिन्होंने 2010 में आरआर से खेलते हुए मुंबई के खिलाफ 37 गेंद में शतक बनाया था।

**Notice**

I, Ravender Kumar Bhat, S/o Shri Jager Nath Bhat bearing Passport No. AL288612, Pan card No. AHLPB8531H & Aadhaar card No. 923488729678 R/o Flat No. A-1/903, Saviour Park, 108, Katori Mill, Mohan Nagar, Ghaziabad (U.P) hereby declare that Ravender Kumar Bhat and Ravender Bhat refer to one and the same person. I shall be known as Ravender Kumar Bhat for all future purposes.

**NOTICE**

Shalimar City, Ashok Vatika, Sahibabad, Ghaziabad, Uttar Pradesh-201006 invites Sealed Item Rate Tender in two bid system from eligible & experienced contractors. Nature of work: StructuralStrengthening, Retrofitting, Plastering work and Painting Work.Estimated cost: 1.25 Crore.Tender can be collected from 15/03/2026 to 22.03.2026 from society office from 10AM to 5PMTender Fee: Rs 2500/- EMD: 3 Lakhs in the form of DD in favour of Shalimar City Apartment Owners Association

**For Details: Jai Shankar Rai, Ph: 9958524881. Sanjay Kumar Jha, Ph: 9810580094.**

**कार्यालयः नगर पालिका परिषद खोड़ा–मकनपुर गाजियाबाद।**

पत्रांकः 284 /न0पा0परि0खो0/2026 दिनांक– 16 मार्च 2026

–:: ई प्रोक्योरमेन्ट/ई–टेण्डरिंग निविदा सूचना ::–

नगर पालिका परिषद खोड़ा–मकनपुर जनपद गाजियाबाद के क्षेत्रान्तर्गत (यूनिपोल एवं निकाय शौचालयों की छत) पर विज्ञापन ठेका हेतु (वित्तीय वर्ष 2026–27 एवं 2027–28) फर्मो/ठेकेदारों/एजेन्सियों से तकनीकी एवं वित्तीय प्रस्ताव आमंत्रित किये जाने हेतु ई–निविदा की वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिये गये नियम व शर्तों के अनुसार निविदायें पुनः आमन्त्रित की जाती है। निविदा अभिलेख एवं शर्तों वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर दिनांक 18 मार्च 2026 की प्रातः 10:00 बजे से दिनांक 07 अप्रैल, 2026 के अपरान्ह 12:00 बजे तक उपलब्ध रहेंगे। जहाँ से इन्हें डाउनलोड किया जा सकता है। सभी निविदादाता दिनांक 07 अप्रैल, 2026 के अपरान्ह 12:00 बजे तक वेबसाइट www.etender.up.nic.in पर ऑनलाइन अपनी प्रस्ताव/निविदा दर/दरें डाल सकते है। प्रस्ताव/टेण्डर एवं उससे सम्बन्धित शर्तें जिले की वेबसाइट www.ghaziabad.nic.in पर भी देखी जा सकती है।


| | |
|---|---|
| E-Tender Reference | Ltr.No-:पत्रांकः/ /न0पा0परि0खो0/ई–निविदा /2026 दिनांकः .03.2026 |
| Publish and Time for RFP | 18 मार्च 2026 को प्रातः 10:00 बजे |
| Last Date and time for submission of E-Tender | 07 अप्रैल 2026 को अपरान्ह 12:00 बजे |
| Date and time of Opening Tender | 07 अप्रैल 2026 को अपरान्ह 14:00 बजे |
| Place of Opening of E-Tender | Office Nagar Palika Parishad Khora Makanpur, Dist. Ghaziabad |
| E-Tender Security | 10,00,000.00 |
| E-Tender Document Processing | 5100.00 |

(नवनीत गुप्ता) अवर अभियन्ता (जल) | (डॉ0 शैलेन्द्र कुमार सिंह) अधिशासी अधिकारी | (मोहिनी शर्मा) अध्यक्ष




# लोनी में बैंक मैनेजर की गोली मारकर हत्या
# गार्ड ने छुट्टी और सैलरी विवाद में उठाया कदम



- पुलिस ने बागपत से किया गिरफ्तार
- वारदात का सीसीटीवी हो रहा है वायरल

**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** लोनी बॉर्डर थानाक्षेत्र स्थित बलराम नगर कॉलोनी के पंजाब एंड सिंध बैंक शाखा में सोमवार को बैंक मैनेजर की गोली मारकर हत्या कर दी गई। दिनदहाड़े हुई इस वारदात से इलाके में सनसनी फैल गई और कानून-व्यवस्था को लेकर भी सवाल खड़े हो गए।

पुलिस के मुताबिक बैंक में तैनात सुरक्षा गार्ड रविंद्र हुड्डा ने अपने एक साथी के साथ मिलकर बैंक मैनेजर अभिषेक को गोली मार दी।

गोली लगने के बाद गंभीर रूप से घायल मैनेजर को पहले नजदीकी अस्पताल ले जाया गया, जहां से उन्हें दिल्ली के जीटीबी अस्पताल रेफर किया गया। इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। घटना के बाद दोनों आरोपी बैंक से पैदल बाहर निकलते हुए नजर आए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और जांच शुरू कर दी।

## बागपत से हुई गिरफ्तारी

**करंट क्राइम ।** पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए कुछ ही घंटों के भीतर आरोपी गार्ड रविंद्र और उसके साथी को बागपत से गिरफ्तार कर लिया। पुलिस के अनुसार आरोपी रविंद्र मूल रूप से मंसूरपुर का रहने वाला है और वर्ष 2018 में सेना से रिटायर हुआ था। शुरूआती पूछताछ में सामने आया है कि बैंक मैनेजर और गार्ड के बीच छुट्टी को लेकर लंबे समय से विवाद चल रहा था। सोमवार को भी बैंक न आने को लेकर दोनों के बीच कहासुनी हुई, जिसके बाद गुस्से में आकर आरोपी ने अपने साथी के साथ मिलकर मैनेजर पर गोली चला दी। आरोपी ने पूछताछ में यह भी आरोप लगाया कि उसे तय वेतन से कम सैलरी दी जा रही थी, जिससे वह नाराज था।

डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी ने बताया कि घटना से पहले बैंक के अंदर मैनेजर और गार्ड के बीच कहासुनी हुई थी। पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है और घटना से जुड़े सभी पहलुओं को खंगाला जा रहा है। वहीं बैंक के कर्मचारियों और आसपास के लोगों से भी पूछताछ की जा रही है।

# पेंडिंग शिकायतों के निस्तारण को लेकर अधिकारियों की बैठक





**गाजियाबाद, करंट क्राइम।** नगर निगम द्वारा जनसमस्याओं के त्वरित समाधान के लिए लगातार समीक्षा की जा रही है। नगर आयुक्त विक्रमादित्य सिंह मलिक के निर्देश पर मुख्य अभियंता निर्माण नरेंद्र कुमार चौधरी और प्रभारी उद्यान डॉ. अनुज ने उद्यान व निर्माण विभाग की संयुक्त बैठक कर पेंडिंग शिकायतों के निस्तारण को लेकर अधिकारियों को निर्देश दिए। बैठक में अधिशासी अभियंता, अवर अभियंता, सुपरवाइजर और हेड माली मौजूद रहे।

बैठक में शहर के करीब 1400 पार्कों की स्थिति की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए गए कि मरम्मत कार्यों के साथ-साथ घास और फूलों की देखभाल पर विशेष ध्यान दिया जाए। गर्मी को देखते हुए पार्कों में लगे नलकूप और सबमर्सिबल की जांच कर खराब नलकूपों को जल्द ठीक कराने के लिए कहा गया। साथ ही 311 एप के माध्यम से आने वाली शिकायतों के त्वरित निस्तारण के निर्देश दिए गए।

अधिकारियों ने कहा कि प्रतिदिन मिलने वाली शिकायतों पर उसी दिन कार्रवाई सुनिश्चित की जाए और निर्माण विभाग से संबंधित लंबित शिकायतों को प्राथमिकता से निपटाया जाए।

# एसआरएम आईएसटी में शक्ति स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर आयोजित




**मोदीनगर, करंट क्राइम ।** एसआरएम विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी संस्थान, दिल्ली-एनसीआर परिसर, में निःशुल्क आरोग्य शक्ति स्वास्थ्य परीक्षण एवं जागरूकता शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर कर्मचारी राज्य बीमा औषधालय, तेल मिल गेट मोदीनगर, नियो हॉस्पिटल, सेक्टर-50 नोएडा तथा क्लोव डेंटल, नोएडा के सहयोग से संपन्न हुआ।

यह कार्यक्रम एसआरएम आईएसटी दिल्ली-एनसीआर कैंपस के निदेशक डॉ. एस. विश्वनाथन के दिशा-निर्देशों तथा डॉ. आरपी महापात्रा (डीन), डॉ. धौम्या भट्ट (डीन झ आईक्यूएसी), डॉ. गीता भवानी (डीन झ विज्ञान एवं मानविकी), डॉ. नवीन अहलावत (डीन झ कैंपस लाइफ / शिविर समन्वयक) एवं सीएमओ ईएसआईसी डॉ. सुनीता सिंह के सहयोग से आयोजित किया गया। इस अवसर पर डॉ. सुनीता सिंह ने प्रतिभागियों को सर्वाइकल कैंसर के संभावित लक्षणों एवं उसके उपचार के प्रति जागरूक किया।

शिविर का समन्वयन चीफ प्रॉक्टर डॉ. पंकज वार्ष्णेय तथा डिप्टी प्रॉक्टर राकेश पांडेय एवं विनोद उपाध्याय द्वारा किया गया। इस शिविर का उद्देश्य संस्थान के शिक्षकों एवं कर्मचारियों के बीच स्वास्थ्य के प्रति जागरूकता बढ़ाना तथा संभावित स्वास्थ्य समस्याओं का समय रहते पता लगाना था।

शिविर में प्रतिभागियों को सामान्य स्वास्थ्य जांच, रक्तचाप मापन, रक्त शर्करा परीक्षण, हृदय स्वास्थ्य के लिए ईसीजी जांच तथा विशेषज्ञ चिकित्सकों से परामर्श जैसी महत्वपूर्ण स्वास्थ्य सेवाएं प्रदान की गईं। लगभग 125 शिक्षकों एवं कर्मचारियों ने इस शिविर में भाग लेकर निःशुल्क स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ उठाया। इस कार्यक्रम ने न केवल संस्थान और ईएसआईसी के बीच सहयोग को मजबूत किया, बल्कि शिक्षकों एवं कर्मचारियों में स्वास्थ्य और कल्याण के प्रति जागरूकता तथा जिम्मेदारी की भावना को भी प्रोत्साहित किया।

# दिनेश नगर एओए चुनाव में दस प्रत्याशियों ने मारी बाजी




**हापुड़।** दिनेश नगर अपार्टमेंट ओनर्स एसोसिएशन (एओए) के चुनाव में 27 प्रत्याशियों के बीच मुकाबले में दस प्रत्याशियों ने बाजी मारी। दोनों ही गुटों से पांच पांच सदस्य विजयी हुए। अब सोमवार को ये दस विजयी प्रत्याशी अध्यक्ष, उपाध्यक्ष आदि पदों की किस्मत तय करेंगे।

एओए के चुनाव में कुल 599 मतदाताओं को अपने मताधिकार का प्रयोग करना था, लेकिन इनमें से 427 मतदाताओं ने ही मतदान किया। मतदान के बाद देर शाम मतगणना की गई और परिणाम घोषित किए गए। चुनाव अधिकारी कृषि अधिकारी गौरव की देखरेख में चुनाव प्रक्रिया संपन्न हुई।

नतीजों में पुराने गुट से श्रीनिवास चौधरी को 176, रमण तिवारी को 156, भूपेंद्र दुबे को 160, सुमित सरस्वत को 159 और एक अन्य उम्मीदवार को 154 मत मिले। वहीं नए गुट से अजय कश्यप को 211, रजनी देवी को 157, जयप्रकाश तोमर को 179, स्वाति तोमर को 107 और आलोक शर्मा को 151 मत प्राप्त हुए।

इस परिणाम के साथ 10 सदस्यीय कार्यकारिणी का गठन होगा। अब चुने गए सदस्य आपस में बैठक कर अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव और कोषाध्यक्ष का चुनाव करेंगे। चुनाव के परिणाम सामने आने के बाद कॉलोनी में पूरे दिन चर्चा का माहौल बना रहा।

# पार्षद मदन राय ने किया एचआईजी डुप्लेक्स में सड़क का शिलान्यास





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** राजेंद्र नगर वार्ड 86 में पार्षद मदन राय ने अपनी 'पार्षद निधि' से होने वाले सड़क निर्माण कार्य का विधिवत उद्घाटन किया। यह सड़क एचआईजी डुप्लेक्स क्षेत्र में बनाई जाएगी, जिससे स्थानीय यातायात सुगम होगा।

मेयर और नगर आयुक्त का जताया आभार। उद्घाटन समारोह के दौरान पार्षद मदन राय ने कहा कि वार्ड 86 में चहुंमुखी विकास कार्य तेजी से चल रहे हैं। उन्होंने विकास कार्यों में निरंतर सहयोग के लिए मेयर और नगर आयुक्त का विशेष रूप से आभार व्यक्त किया।

उन्होंने क्षेत्रवासियों को भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में वार्ड की मूलभूत समस्याओं का पूरी तरह समाधान कर दिया जाएगा। इस अवसर पर बड़ी संख्या में स्थानीय निवासी और गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे। कार्यक्रम में मुख्य रूप से जसविंदर सिंह, एस.एन. त्यागी, एन.एस. गुप्ता, विनोद वान्गनु, सतीश शर्मा, मनोज शर्मा, ए.के. वर्मा, एम.सी. त्यागी, एस.पी. त्यागी, विनय जैन संगीता, सुमन शर्मा, रितु सिंह, सुधा नेहरा, सरला, लीना सक्सेना सहित कई अन्य लोग मौजूद रहे। क्षेत्रवासियों ने पार्षद द्वारा कराए जा रहे विकास कार्यों की सराहना करते हुए खुशी जाहिर की।

# इश्क के लिए छोड़ा परिवार, 6 बच्चों की मां 3 बच्चों के पिता साथ फरार

**-परिवारों को छोड़कर अलग-अलग शादीशुदा प्रेमी-प्रेमिका घर से रफूचक्कर**



**नोएडा।** छह बच्चों की मां, तीन बच्चों के पिता से इश्कङ्क और फिर एक रात ऐसा फैसला जिसने दो परिवारों की दुनिया हिला दी। कोतवाली क्षेत्र के एक गांव में महिला अपने प्रेमी के साथ घर से लापता हो गई। हैरानी की बात यह है कि जाते-जाते वह घर में रखी नकदी और लाखों के सोने के गहने भी साथ ले गई, जिससे पूरे इलाके में सनसनी फैल गई।

कंपनी में काम के दौरान हुआ प्रेम प्रसंग : महिला के पति ने पुलिस को दी शिकायत में बताया कि उसकी पत्नी गांव के पास स्थित एक कंपनी में नौकरी करती थी। आरोप है कि काम के सिलसिले में वह अक्सर सालारपुर गांव जाती थी। वहीं उसकी मुलाकात एक युवक से हुई और धीरे-धीरे दोनों के बीच प्रेम प्रसंग शुरू हो गया। पति का कहना है कि उसे इस रिश्ते की भनक करीब पांच दिन पहले ही लगी थी। उसने पत्नी को समझाने की कोशिश भी की, लेकिन मामला शांत नहीं हुआ।

रातों-रात घर से हो गई लापता : पति के मुताबिक रविवार रात सब कुछ सामान्य था। परिवार के लोग घर में ही थे, लेकिन रात में किसी समय उसकी पत्नी अचानक घर से लापता हो गई। सोमवार सुबह जब परिवार के लोगों को उसके लापता होने का पता चला तो घर की तलाशी ली गई। इस दौरान पता चला कि घर में रखी नकदी और लाखों रुपये के सोने के गहने भी गायब हैं। पति का आरोप है कि उसकी पत्नी अपने प्रेमी के साथ ही घर से भागी है और जाते समय नकदी व गहने भी साथ ले गई।

युवक की पत्नी ने भी दर्ज कराई शिकायत : उधर जिस युवक के साथ महिला के जाने की बात सामने आ रही है, उसकी पत्नी ने भी अपने पति के खिलाफ पुलिस में शिकायत दी है। उसका आरोप है कि उसका पति भी घर से करीब डेढ़ लाख रुपये की नकदी और लाखों रुपये के सोने के गहने लेकर गया है।

# तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी शुरू



**नोएडा।** भारतीय विरासत संस्थान के पुरालेख, पुरालिपि व मुद्राशास्त्र विभाग द्वारा सोमवार से तीन दिवसीय राष्ट्रीय संगोष्ठी की शुरूआत हुई। कुलपति और राष्ट्रीय संग्रहालय के महानिदेशक गुरमीत सिंह चावला ने बताया कि इससे अभिलेखों, प्राचीन लिपियों और मुद्राओं के माध्यम से भारतीय इतिहास के विभिन्न आयामों को समझने में मदद मिलेगी। मुख्य वक्ता और पुरातत्व विभाग विभाग के विभागाध्यक्ष प्रो. बीआर मणि ने अभिलेखों और प्राचीन मुद्राओं को इतिहास का अत्यंत विश्वसनीय स्त्रोत बताया। इस मौके पर पुरालेख, पुरालिपि और मुद्राशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रो. अनूपा पांडे, श्री लाल बहादुर शास्त्री राष्ट्रीय संस्कृत विश्वविद्यालय के पूर्व कुलपति प्रो. रमेश कुमार पांडेय भी मौजूद रहे।




## किस आईपीएस का जुड़ेगा डीसीपी वाला कनेक्शन

पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम में एक तबादले के बाद कई तरह की चर्चाएं और संभावनाएं नजर आ रही है। वहीं पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम के सूत्रों के द्वारा बताया गया है कि जिस तरह से दो आईपीएस के नाम लोकल से आउट हुए हैं उसके बाद कहानी में टविस्ट् बताया जा रहा है। अब कहा जा रहा है कि जिस तरह से नदिया पार वाले साहब के जाने के बाद अस्थाई पोस्टिंग हुई है उसके भी मायने लगाए जा रहे हैं। उधर इस बात की भी चर्चा है कि सिटी वाले साहब के पास कहीं स्थाई पोस्टिंग हाथ न लग जाए। वहीं अब चर्चा शुरू हो गई है कि पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में किस डीसीपी को भेजा जाएगा, देखना होगा कि जो डीसीपी आएंगे उन्हें किस जोन में भेजा जाएगा। वैस भी इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट वाले सिस्टम में चर्चा जोरों पर है कि यह अस्थाई वाली पोस्टिंग स्थाई हो सकती है और नदिया पार में सिटी वालों का नाम लिखा जा सकता है। इन सबके बीच लोकल सूत्र बता रहे हैं कि एक साहब ने जमकर प्रयास कराया लगाया था लेकिन उनपर मोहर नहीं लग पाई है। तो वहीं एक आईपीएस का मामला भी सेट नहीं हो पाया है।



इन सबके बीच इन दिनों पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद वाले सिस्टम से लेकर लखनऊ तक चर्चा सुनाई दे रही है कि 2019 बैच वाले कोई आईपीएस पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में तैनाती पा सकता है। अब देखना होगा कि किस आईपीएस का खाता गाजियाबाद के लिए खुलता है और किसको किस जोन में भेजा जाता है। उधर सूत्र बता रहे हैं कि यह वाला काम नवरात्रों के भीतर हो सकता है। तो वहीं एसीपी स्तर के अधिकारियों की लिस्ट का भी अब तेजी से वेट शुरू हो गया है। उधर एडीसीपी स्तर के अधिकारी जो एसीपी प्रमोशन के बाद इस पद पर नियुक्त होने वाले हैं, उनकी टेंशन बड़ी हुई है कि किसको कमिश्नरेट वाला सिस्टम मिलेगा और किसको जिले में जाना पड़ेगा। वैसे पुलिस वाले सूत्र बता रहे हैं कि एक से अधिक एडीसीपी गाजियाबाद में नहीं रोक जाएंगे अन्य को बाहर ही जाना होगा। उधर बताया जा रहा है कि अगर सिटी वाले नदिया पार भेजे गए, तो नए वाले के तार सिटी से जुड़ जाएंगे। इन सबके बीच जानकारी मिली है कि सिटी जोन के खेत के बराबर वाले थाने में फिर एक बार आईपीएस वाले अधिकारी की पोस्टिंग हुई है और उनकी कुर्सी सज गई है। कुल मिलाकर सूत्र यह भी जानकारी दे रहे हैं कि जल्द ही पोस्टिंग वाला सीन बनने वाला है, जिसके बाद बोर्ड चेंज होंगे।

# साइबर जालसाजों ने महिला के खाते से 14.35 लाख रुपये निकाले

**- कोर्ट के आदेश पर साइबर क्राइम थाने में प्राथमिकी दर्ज**



**नोएडा।** साइबर जालसाजों ने एक महिला के खाते से 14.35 लाख रुपये निकाल लिया। इस मामले में कोर्ट के आदेश पर साइबर क्राइम थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। ग्रेटर नोएडा निवासी शिवांगी गोयल ने कोर्ट में अर्जी दी है कि उनका आईसीआईसीआई बैंक में खाता है।

आठ जनवरी को उनके खाते से साइबर जालसाजों ने 14.35 लाख रुपये निकाल लिया। जब उन्हें रकम निकासी के बारे में पता चला तब उन्होंने बैंक से संपर्क किया। बैंक ने भी कोई स्पष्ट जानकारी नहीं मिली लेकिन इतना पता चला कि साइबर ठगी के जरिए उनके खाते से यह रकम ट्रांसफर की गई है। इसके बाद पीड़िता ने ऑनलाइन साइबर क्राइम पोर्टल पर शिकायत दर्ज कराई। शिकायत मिलने के बाद पुलिस ने कुछ रकम को फ्रीज करा दिया, लेकिन अभी तक आरोपियों के खिलाफ कोई प्राथमिकी दर्ज नहीं की गई है।

इसके बाद पुलिस अधिकारियों के पास जाकर भी शिकायत की लेकिन रिपोर्ट नहीं दर्ज हुई। तब कोर्ट में इस मामले में अर्जी दी। अब कोर्ट के आदेश पर साइबर क्राइम थाने में प्राथमिकी दर्ज की गई है। पुलिस का कहना है कि इस मामले में उन खातों की जांच की जा रही है। जिनमें ठगी की रकम ट्रांसफर हुई है।

# डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय और हार्वर्ड बिजनेस इम्पैक्ट के बीच एमओयू
# छात्रों को मिलेगा वैश्विक प्रबंधन कौशल का प्रशिक्षण




**मोदीनगर, करंट क्राइम।** डॉ. केएन मोदी विश्वविद्यालय, ने छात्रों को वैश्विक स्तर की शिक्षा और आधुनिक प्रबंधन कौशल प्रदान करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए हार्वर्ड बिजनेस इम्पैक्ट के साथ समझौता ज्ञापन (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। इस समझौते के तहत विश्वविद्यालय के एमबीए पाठ्यक्रम में हार्वर्ड बिजनेस इम्पैक्ट के सहयोग से विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम संचालित किए जाएंगे।

विश्वविद्यालय प्रशासन के अनुसार इस पहल के अंतर्गत एमबीए के विद्यार्थियों को एक वर्ष के दौरान 12 हार्वर्ड बिजनेस इम्पैक्ट प्रमाण पत्र करने का अवसर मिलेगा। इससे छात्रों को वैश्विक व्यापार, प्रबंधन और नेतृत्व कौशल की बेहतर समझ विकसित करने में सहायता मिलेगी तथा वे आधुनिक कॉरपोरेट जगत की चुनौतियों का सामना करने के लिए तैयार हो सकेंगे। बताया गया कि यह कार्यक्रम सेल्फ-पेस्ड लर्निंग प्रणाली पर आधारित होगा, जिसमें विद्यार्थियों को अपनी गति के अनुसार अध्ययन करने की सुविधा मिलेगी। साथ ही उनकी प्रगति की नियमित निगरानी भी की जाएगी, जिससे उन्हें प्रबंधन और नेतृत्व के नवीनतम सिद्धांतों से अवगत कराया जा सके।

विश्वविद्यालय प्रशासन का कहना है कि यह पहल छात्रों को अंतरराष्ट्रीय स्तर की व्यावसायिक समझ प्रदान करने के साथ-साथ उनके करियर को नई दिशा देने में भी सहायक सिद्ध होगी। इसके माध्यम से विद्यार्थियों को उद्योग जगत की जरूरतों के अनुरूप तैयार किया जाएगा। शिक्षा क्षेत्र से जुड़े विशेषज्ञों का मानना है कि इस तरह के अंतरराष्ट्रीय सहयोग से विद्यार्थियों को वैश्विक दृष्टिकोण मिलता है और उनकी प्रतिस्पर्धात्मक क्षमता में भी वृद्धि होती है। विश्वविद्यालय का यह कदम छात्रों को पेशेवर रूप से सक्षम बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## पोस्ट ऑफ द डे

प्रस्तुति
करंट क्राइम




**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** पुलिस क्षेत्राधिकारी लक्ष्मी सिंह चौहान का एक अंदाज रिश्ते निभाने का ये भी है। वह ग्लैमर की दुनिया से जुड़ी है, वह अनुशासित बल का हिस्सा हैं और सबसे बड़ी बात यह है कि वह रिश्तो को भी पूरी गर्मजोशी से निभाती हैं। रिश्तो की महत्ता को लेकर उन्होंने अपने शब्दों के जरिए एक पोस्ट साझा की। लक्ष्मी सिंह चौहान की यह पोस्ट बनी करंट क्राइम पोस्ट ऑफ द डे।

# क्या अरब देशों पर अमेरिका-इस्राइल ही कर रहे हमले? ईरानी विदेश मंत्री अराघची ने किया बड़ा दावा

**तेहरान।** अब्बास अराघची ने कहा कि इस्राइल की 'आक्रमकता और वर्चस्व' लेबनान में अस्थिरता का मूल कारण है। उन्होंने कहा कि वहां की शांति इस्राइल के 'कब्जे, हमलों और आक्रमणों' को समाप्त करने पर निर्भर करती है। 28 फरवरी को इस्राइल और अमेरिका ने तेहरान और अन्य ईरानी शहरों पर संयुक्त हमले किए, जिसमें ईरान के तत्कालीन सर्वोच्च नेता अली खामेनेई, वरिष्ठ सैन्य कमांडर और नागरिक मारे गए थे।



ईरानी विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने दावा किया कि अमेरिका और इस्राइल कुछ जगहों से पश्चिम एशिया में अरब देशों पर हमले कर रहे हैं। यह बात उन्होंने खाड़ी देशों के एक समाचार आउटलेट अल-अरबी अल-जहीद के साथ साक्षात्कार में कही। शिन्हुआ समाचार एजेंसी के अनुसार, अराघची ने कहा कि ईरान क्षेत्रीय देशों के साथ मिलकर बैठक करने और हमलों के लक्ष्यों की प्रकृति की जांच के लिए एक संयुक्त समिति बनाने के लिए तैयार है। उन्होंने कहा कि ईरान के हमले केवल अमेरिकी ठिकानों और हितों को निशाना बनाते हैं। यह उन हमलों के जवाब में है, जो इन साइट्स से शुरू किए गए थे।

अब्बास अराघची ने आगे कहा कि अमेरिका ने ईरान के शाहेद 136 ड्रोन के जैसा एक ड्रोन विकसित किया है, जिसका नाम ₹लुकास₹ है, जो अरब देशों में लक्ष्यों को निशाना बनाने के लिए है। उन्होंने इस्राइल पर अरब नागरिकों को निशाना बनाने और ईरान के साथ उनके संबंधों को खराब करने का आरोप लगाया, और कहा, ₹अब तक ईरान ने क्षेत्र में किसी भी नागरिक या आवासीय क्षेत्र को निशाना नहीं बनाया है।



उन्होंने कहा कि कतर, सऊदी अरब और ओमान जैसे पड़ोसियों के साथ संपर्क जारी हैं, और क्षेत्रीय देश तनाव कम करने और युद्ध को समाप्त करने के लिए विचार प्रस्तुत करने में मध्यस्थता कर रहे हैं। होर्मुज जलडमरूमध्य पर अराघची ने कहा कि यह अमेरिका और उसके सहयोगी देशों के जहाजों को छोड़कर सभी के लिए खुला है।

उन्होंने ईरान की स्थिति को स्थिर बताया, इस बात पर जोर देते हुए कि राज्य या सैन्य संस्थानों में कोई दोष नहीं है और सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई अच्छे स्वास्थ्य में हैं। फार्स समाचार एजेंसी के अनुसार, ईरान की इस्लामिक रिवोल्यूशन गार्ड्स कॉर्प्स ने रविवार को कहा कि सऊदी अरब के रियाद क्षेत्र और ईस्टर्न प्रांत पर हालिया ड्रोन हमले का ईरान से कोई संबंध नहीं है।

ईरानी विदेश मंत्रालय ने रविवार को कहा कि अराघची ने शनिवार की रात को अपने फ्रांसीसी समकक्ष जीन-नोएल बैरोट के साथ क्षेत्रीय स्थिति पर चर्चा के लिए फोन पर बात की। ईरानी विदेश मंत्री ने कहा कि अमेरिका और इस्राइल पश्चिम एशिया और होर्मुज की खाड़ी में असुरक्षा के एकमात्र कारण हैं, और सभी देशों से अपील की कि वे ईरान पर हमले के हमलावरों के आपराधिक कृत्य की निंदा करें और संघर्ष को बढ़ाने से बचें।

## यूएई में 35 लोग गिरफ्तार 19 भारतीय भी शामिल

**दुबई।** यूएई ने सोशल मीडिया पर भ्रामक और फर्जी वीडियो फैलाने के आरोप में 35 लोगों की गिरफ्तारी का आदेश दिया है, जिनमें 19 भारतीय भी शामिल हैं। आरोपियों पर एआई से बनाए गए फर्जी वीडियो और भ्रामक सामग्री फैलाने का आरोप है।



संयुक्त अरब अमीरात में सोशल मीडिया पर भ्रामक और फर्जी वीडियो पोस्ट करने के आरोप में 35 लोगों की गिरफ्तारी का आदेश दिया गया है। इन आरोपियों में 19 भारतीय नागरिक भी शामिल हैं। अधिकारियों के अनुसार, इन लोगों ने क्षेत्रीय तनाव के बीच इंटरनेट पर ऐसी सामग्री साझा की जिससे लोगों में भ्रम और डर फैल सकता था।

**डिजिटल प्लेटफॉर्म की निगरानी के बाद कार्रवाई**

यूएई के अटॉर्नी जनरल डॉ. हमद सैफ अल शम्सी ने बताया कि डिजिटल प्लेटफॉर्म की सख्त निगरानी के दौरान यह सामने आया कि कुछ लोग झूठी और भ्रामक जानकारी फैलाकर सार्वजनिक व्यवस्था और देश की स्थिरता को नुकसान पहुंचाने की कोशिश कर रहे थे। जांच में पाया गया कि आरोपी तीन अलग-अलग समूहों में काम कर रहे थे और उन्होंने अलग-अलग तरीकों से भ्रामक सामग्री पोस्ट की।

**पहला समूह: असली वीडियो के साथ भ्रामक दावे**

पहले समूह के 10 लोगों ने वास्तविक वीडियो क्लिप पोस्ट किए, जिनमें देश के हवाई क्षेत्र में मिसाइलों के गुजरने या उन्हें रोकने के दृश्य दिखाए गए थे। अधिकारियों के अनुसार इससे लोगों में डर और घबराहट फैल सकती थी। इस समूह में 5 भारतीय, 1 पाकिस्तानी, 1 नेपाली, 2 फिलीपीन नागरिक और 1 मिस्र का नागरिक शामिल है।

## गाजा में इस्राइली हवाई हमलों में 12 फलस्तीनियों की मौत, मरने वालों में बच्चे और गर्भवती महिला भी शामिल

**काहिरा।** हमलों के बाद इस्राइल ने घोषणा की है कि वह गाजा और मिस्र के बीच स्थित रफा सीमा पार मार्ग को बुधवार से फिर से खोलने की अनुमति देगा। इस्राइली सैन्य निकाय कोगाट के अनुसार यह क्रॉसिंग दोनों दिशाओं में सीमित यात्री आवाजाही के लिए खोली जाएगी, लेकिन माल ढुलाई की अनुमति नहीं होगी।



गाजा पट्टी में इस्राइली हवाई हमलों में रविवार को कम से कम 12 फलस्तीनियों की मौत हो गई। मरने वालों में दो बच्चे, एक गर्भवती महिला और आठ पुलिसकर्मी शामिल हैं। यह जानकारी अस्पताल अधिकारियों ने दी।

केंद्रीय गाजा के नुसेरत शरणार्थी शिविर में रविवार सुबह एक घर पर हुए हवाई हमले में चार लोगों की मौत हो गई। अल-अक्सा मार्टियर्स अस्पताल के अनुसार मृतकों में लगभग 30 वर्ष की उम्र का दंपति और उनका 10 वर्षीय बेटा शामिल हैं। अस्पताल ने बताया कि महिला जुड़वां बच्चों की गर्भवती थी।

चौथा मृतक 15 वर्षीय पड़ोसी था, जिसे नुसेरत के अल-अवदा अस्पताल ले जाया गया।

**हमले से पहले नहीं जारी की कोई चेतावनी:** स्थानीय निवासी महमूद अल-मुहतासेब ने बताया कि वे सो रहे थे, तभी मिसाइल के हमले से तेज धमाका हुआ। उनके अनुसार हमले से पहले कोई चेतावनी नहीं दी गई थी। रविवार दोपहर एक अन्य हमले में केंद्रीय गाजा के जवैदा शहर के प्रवेश द्वार पर सलाह अल-दीन मार्ग पर चल रहे एक पुलिस वाहन को निशाना बनाया गया। हमास के नियंत्रण वाले आंतरिक मंत्रालय के अनुसार इस हमले में आठ पुलिसकर्मी मारे गए, जिनमें केंद्रीय गाजा के वरिष्ठ पुलिस अधिकारी कर्नल इयाद अब यूसुफ भी शामिल थे।

# होर्मुज संकट पर चीन की अमेरिका को सख्त चेतावनी

## ट्रंप की पहल पर कहा- तुरंत रोके जाएं सैन्य अभियान

**बीजिंग।** होर्मुज जलडमरूमध्य पर बढ़ते तनाव के बीच चीन ने सभी देशों से तुरंत सैन्य अभियान रोकने के लिए कहा है। यह बयान उस समय आया जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन समेत कई देशों से समुद्री मार्ग को सुरक्षित रखने के लिए युद्धपोत तैनात करने को कहा।



पश्चिम एशिया में बढ़ते तनाव और होर्मुज जलडमरूमध्य पर संकट के बीच चीन ने सभी देशों से तुरंत सैन्य कार्रवाई रोकने की अपील की है। यह बयान ऐसे समय आया है जब अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने चीन सहित कई देशों से अपील की है कि वे अंतरराष्ट्रीय समुद्री मार्ग को सुरक्षित रखने के लिए अपने युद्धपोत तैनात करें। ईरान और इस्राइल-अमेरिका के बीच बढ़ते टकराव के कारण दुनिया की ऊर्जा आपूर्ति और वैश्विक व्यापार पर गंभीर असर पड़ने की आशंका जताई जा रही है।

चीन ने कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य में बढ़ते सैन्य तनाव से अंतरराष्ट्रीय व्यापार, ऊर्जा आपूर्ति और क्षेत्रीय शांति पर बड़ा खतरा पैदा हो गया है। चीन के विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता लिन जियान ने बीजिंग में मीडिया से बातचीत में कहा कि सभी पक्षों को तुरंत सैन्य अभियान रोकना चाहिए, ताकि हालात और ज्यादा खराब न हों। उन्होंने कहा कि यदि तनाव बढ़ा तो इसका असर वैश्विक अर्थव्यवस्था और क्षेत्रीय स्थिरता पर भी पड़ सकता है।

**ट्रंप ने किन देशों से मांगी मदद**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने सोशल मीडिया पोस्ट के जरिए चीन, ब्रिटेन, फ्रांस और जापान जैसे देशों से अपील की है कि वे अपने युद्धपोत तैनात कर इस जलडमरूमध्य को खुला और सुरक्षित रखें। ट्रंप का कहना है कि यह रास्ता अंतरराष्ट्रीय व्यापार के लिए बेहद महत्वपूर्ण है। उन्होंने यह भी कहा कि अगर जरूरी हुआ तो इस मुद्दे पर बनने वाले नए अंतरराष्ट्रीय गठबंधन में कई देशों को शामिल किया जाएगा, ताकि तेल टैंकरों की आवाजाही सामान्य रखी जा सके।

**ट्रंप की चीन यात्रा पर क्या चल रही है चर्चा**

चीन ने यह भी बताया कि इस महीने के अंत में प्रस्तावित डोनाल्ड ट्रंप की चीन यात्रा को लेकर दोनों देशों के बीच बातचीत जारी है। ट्रंप ने संकेत दिया था कि अगर चीन होर्मुज जलडमरूमध्य को सुरक्षित रखने के प्रयासों में सहयोग नहीं करता है तो उनकी बीजिंग यात्रा टाली जा सकती है।

### होर्मुज क्यों बना वैश्विक चिंता का कारण

होर्मुज जलडमरूमध्य दुनिया के सबसे अहम समुद्री रास्तों में से एक है। यहां से दुनिया के बड़े हिस्से तक तेल और गैस की आपूर्ति होती है। हाल ही में अमेरिका और इस्राइल के हवाई हमलों के बाद ईरान ने जवाबी कदम के तौर पर इस जलमार्ग को प्रभावी रूप से बंद कर दिया है। इसके कारण तेल की वैश्विक आपूर्ति बुरी तरह प्रभावित हुई है और अंतरराष्ट्रीय बाजार में तेल की कीमतें तेजी से बढ़ने लगी हैं। विशेषज्ञों का कहना है कि अगर यह स्थिति लंबे समय तक बनी रहती है तो वैश्विक ऊर्जा संकट गहरा सकता है।

## इस्राइल का लेबनान के जाबाल अल-बतूम पर हमला, बहरीन में भी हमले जारी, दो की मौत

**नई दिल्ली।** पश्चिम एशिया में संघर्ष दिन-ब-दिन और भी खतरनाक होता जा रहा है। अमेरिका और इस्राइल के लगातार हमलों के बीच ईरान भी जोश में है और जोरदार जवाब दे रहा है। मिसाइलों और ड्रोन की गूंज के बीच यह युद्ध अब 17वें दिन में प्रवेश कर चुका है। होर्मुज जलडमरूमध्य में जहाजों पर हमले जारी हैं।



**यूएई ने आज 6 मिसाइलें और 21 ड्रोन नष्ट किए**

यूएई के रक्षा मंत्रालय ने बताया है कि आज उसने छह बैलिस्टिक मिसाइलों और 21 ड्रोन को नष्ट किया है। एक्स पर जारी अपडेट में मंत्रालय ने बताया कि ईरानी हमलों की शुरूआत से अब तक यूएई 304 बैलिस्टिक मिसाइलें, 15 क्रूज मिसाइलें और 1,627 ड्रोन निष्क्रिय कर चुका है। मंत्रालय ने यह भी बताया कि इन हमलों में अब तक सात लोगों की जान गई है, जिनमें दो सैन्यकर्मी और पांच आम नागरिक शामिल हैं, जबकि 145 लोग घायल हुए हैं।

**इटली ने कूटनीति को बताया समाधान का रास्ता:** बेल्जियम के ब्रसेल्स में इटली के विदेश मंत्री एंटोनियो ताजानी ने होर्मुज जलडमरूमध्य संकट पर जानकारी दी है कि इस विवाद को सुलझाने के लिए कूटनीति को ही प्राथमिकता दी जानी चाहिए। उन्होंने स्पष्ट किया कि इटली वर्तमान में लाल सागर में रक्षात्मक नौसैनिक मिशनों का हिस्सा है, लेकिन होर्मुज क्षेत्र में किसी भी सैन्य मिशन के विस्तार की कोई योजना नहीं है। ताजानी का यह बयान अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप द्वारा सहयोगियों पर होर्मुज में जहाजों की सुरक्षा के लिए मिशन में शामिल होने के दबाव के बीच आया है।

संयुक्त अरब अमीरात के उम्म अल-कुवैन सरकारी मीडिया कार्यालय ने बताया है कि एक ड्रोन हमले के बाद एक इमारत में आग लग गई है। फिलहाल किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है।

**होर्मुज जलडमरूमध्य: अमेरिका को नहीं मिलेगा सहयोगियों का साथ**

### युद्ध में शामिल नहीं होगा ब्रिटेन: कीर स्टार्मर

ब्रिटेन के प्रधानमंत्री कीर स्टार्मर ने स्पष्ट किया है कि उनका देश मध्य पूर्व में किसी भी युद्ध का हिस्सा नहीं बनेगा। डोनाल्ड ट्रंप द्वारा नाटो के भविष्य और सैन्य सहयोग को लेकर दी गई चेतावनी के बाद स्टार्मर ने कहा कि ब्रिटेन की प्राथमिकता अपने नागरिकों की सुरक्षा करना और क्षेत्र में स्थिरता बहाल करना है। उन्होंने जोर देकर कहा कि ब्रिटेन खुद को किसी बड़े संघर्ष में शामिल नहीं होने देगा और शांतिपूर्ण समाधान के लिए काम करना जारी रखेगा।

होर्मुज जलडमरूमध्य (Strait of Hormuz) की सुरक्षा के मामले में मध्य पूर्व सुरक्षा विश्लेषक रॉजर शनाहन ने जानकारी दी है कि अमेरिकी सहयोगियों के इस अभियान में शामिल होने की संभावना बहुत कम है। ट्रंप प्रशासन के सुझाव पर प्रतिक्रिया देते हुए उन्होंने कहा कि चूंकि अधिकांश सहयोगी शुरू से ही इस युद्ध के विरोध में थे, इसलिए वे अब सैन्य समर्थन देने के इच्छुक नहीं हैं। शनाहन के अनुसार, व्यावहारिक रूप से भी नौसैनिक जहाजों को उस क्षेत्र तक पहुंचने में काफी समय लगता है और इस तरह की कार्रवाई तुरंत शुरू करना संभव नहीं है।

## ट्रंप के दावों के बीच मोजतबा खामेनेई ने दिखाई आंख, बोले- मुआवजा दो या अंजाम भुगतो

**तेहरान।** ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई ने अमेरिका और इजरायल को चेतावनी देते हुए कहा है कि युद्ध में हुए नुकसान का मुआवजा देना होगा, वरना अंजाम भुगतना पड़ेगा। वहीं विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने साफ किया कि ईरान ने कभी युद्धविराम की मांग नहीं की और जरूरत पड़ने तक अपनी रक्षा जारी रखेगा।





अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप बार-बार दावा कर रहे हैं कि ईरान के खिलाफ 28 फरवरी से शुरू हुई जंग अब आखिरी दौर में है। उनका कहना है कि ईरान के पास अब पलटवार करने की ताकत नहीं बची है। लेकिन ईरान के सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई और विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची के बयानों से ऐसा नहीं लगता। वे अमेरिका और इस्राइल के सामने झुकने को तैयार नहीं हैं।

**ट्रंप की जीत की घोषणा क्या जल्दबाजी?: मजबूत सैन्य संरचना के साथ युद्ध में डटा ईरान, बदले को तैयार आईआरजीसी**

**क्या बोले मोजतबा खामेनेई**

मोजतबा खामेनेई ने देश को हुए नुकसान के लिए दुश्मन देशों से मुआवजे की मांग की है। उन्होंने कहा कि हम दुश्मन से हजार्ना लेकर रहेंगे। अगर उसने इनकार किया, तो हम उसकी उतनी संपत्ति जब्त कर लेंगे जितनी हम तय करेंगे। अगर यह भी मुमकिन नहीं हुआ, तो हम उसकी उतनी ही संपत्ति को तबाह कर देंगे। शिन्हुआ समाचार एजेंसी ने खामेनेई के टेलीग्राम पोस्ट के आधार पर यह जानकारी दी है। इससे पहले उन्होंने अपने संदेश में लगातार संघर्ष करने की बात कही थी।

एक लिखित संदेश में मोजतबा खामेनेई ने जंग में मारे गए लोगों का बदला लेने की कसम खाई है। उन्होंने साफ किया कि तेहरान अपने शहीदों के खून का बदला जरूर लेगा। ईरानी सरकारी टीवी पर एक महिला एंकर ने उनका यह संदेश पढ़ा। संदेश के अनुसार, ईरान जरूरत पड़ने पर दूसरे मोर्चे भी खोल सकता है। ईरान अपने पड़ोसी देशों से अच्छे रिश्ते चाहता है। वह सिर्फ उन्हीं ठिकानों पर हमला करेगा जहां से उस पर हमले किए जाते हैं।

**क्या बोले ईरानी के विदेश मंत्री**

ईरान के विदेश मंत्री सैयद अब्बास अराघची ने कहा है कि ईरान अमेरिका के साथ युद्धविराम या वार्ता की मांग नहीं कर रहा है। उन्होंने सीबीएस न्यूज को दिए इंटरव्यू में कहा कि ईरान ने कभी जंग रोकने की कोशिश नहीं की। हम तब तक अपनी रक्षा करेंगे जब तक जरूरी होगा। उन्होंने कहा कि ईरान का सैन्य अभियान तब तक जारी रहेगा जब तक ट्रंप को यह समझ नहीं आता कि यह एक अवैध युद्ध है।

**होर्मुज जलडमरूमध्य क्या बोले ईरानी के विदेश मंत्री:** अराघची ने कहा कि अमेरिका से बात करने का कोई मतलब नहीं है क्योंकि जब उन्होंने हमला किया, तब बातचीत चल रही थी। होर्मुज जलडमरूमध्य के बारे में उन्होंने कहा कि ईरान ने यह रास्ता बंद नहीं किया है। सेना तय करती है कि किन जहाजों को वहां से गुजरने देना है। उन्होंने यह भी दोहराया कि ईरान ने कभी परमाणु हथियार बनाने की कोशिश नहीं की। हमले से पहले ईरान यूरेनियम कम करने पर राजी था, लेकिन अब वह सामग्री मलबे में दब गई है। फिलहाल उसे निकालने की कोई योजना नहीं है।

### रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने क्या दावा

दूसरी तरफ, अमेरिकी रक्षा सचिव पीट हेगसेथ ने शुक्रवार को बड़ा दावा किया। उन्होंने कहा कि ईरान के नए सर्वोच्च नेता मोजतबा खामेनेई घायल हो गए हैं। अमेरिकी हमलों की वजह से उन्हें छिपने के लिए मजबूर होना पड़ा है। हेगसेथ के मुताबिक, लगातार सैन्य अभियानों से ईरान के नेतृत्व पर दबाव बढ़ रहा है।

### कैसे शुरू हुआ विवाद

बता दें कि 28 फरवरी को इस्राइल और अमेरिका ने तेहरान और अन्य शहरों पर हमले किए थे। इन हमलों में ईरान के तत्कालीन सर्वोच्च नेता अयातुल्लाह अली खामेनेई, बड़े सैन्य कमांडर और आम नागरिक मारे गए थे। इसके जवाब में ईरान ने इस्राइल और अमेरिकी ठिकानों पर मिसाइलों और ड्रोन से हमला किया था।

# 40 करोड़ बैरल तेल जारी, फिर भी कीमतें क्यों नहीं थमीं

## होर्मुज बंदी से बाजार में अस्थिरता



**वॉशिंगटन/लंदन।** होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने के कारण कच्चे तेल की कीमतें 100 डॉलर के पार पहुंच गईं। अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी ने रणनीतिक भंडार से 40 करोड़ बैरल तेल जारी किया, लेकिन बाजार में स्थिरता नहीं आई।

ईरान युद्ध के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति में आई अभूतपूर्व बाधा को कम करने के लिए अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी (आईईए) और उसके सहयोगी देशों ने इतिहास में पहली बार रणनीतिक भंडार से 40 करोड़ बैरल तेल जारी करने का फैसला किया है। इसके बावजूद बाजार में भरोसा नहीं दिख रहा है।

घोषणा के बाद से ही कच्चे तेल की कीमतें 17 प्रतिशत से अधिक बढ़ चुकी हैं और ब्रेंट क्रूड लगातार दूसरे सत्र में 100 डॉलर प्रति बैरल के ऊपर बंद हुआ। विशेषज्ञों का कहना है कि जब तक फारस की खाड़ी का महत्वपूर्ण होर्मुज जलडमरूमध्य दोबारा नहीं खुलता, तब तक इस तरह के कदम तेल बाजार के संकट को पूरी तरह नहीं सुलझा पाएंगे।

सीएनएन की रिपोर्ट के अनुसार अंतरराष्ट्रीय ऊर्जा एजेंसी के 50 साल के इतिहास में यह रणनीतिक तेल भंडार की सबसे बड़ी आपातकालीन रिलीज है। यूरोप, उत्तर अमेरिका और उत्तर-पूर्व एशिया के 30 से अधिक देशों ने मिलकर बाजार में 40 करोड़ बैरल तेल तेल जारी करने पर सहमति जताई है। इस पहल में अमेरिका सबसे बड़ी भूमिका निभा रहा है। वह अपने स्ट्रैटेजिक पेट्रोलियम रिजर्व से 17.2 करोड़ बैरल तेल जारी करेगा, जो कुल आईईए रिलीज का लगभग 43 प्रतिशत है। यह कदम ऐसे समय उठाया गया है जब ईरान युद्ध के कारण वैश्विक तेल आपूर्ति पर गंभीर असर पड़ा है। आईईए की घोषणा के बाद भी तेल बाजार में घबराहट कम नहीं हुई। लंदन स्थित तेल ब्रोकर पीवीएम के विश्लेषक टामास वर्गा के अनुसार स्थिति की मूल वजह क्षेत्रीय सुरक्षा संकट है।

### होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने का असर

युद्ध से पहले सऊदी अरब, इराक, कुवैत और संयुक्त अरब अमीरात मिलकर लगभग 14 मिलियन बैरल प्रतिदिन तेल निर्यात करते थे। इनमें से करीब 9 मिलियन बैरल प्रतिदिन, यानी वैश्विक आपूर्ति का लगभग 10 प्रतिशत, ऐसा है जो केवल हॉर्मुज जलडमरूमध्य से होकर ही गुजर सकता है। जब तक यह मार्ग नहीं खुलता, यह तेल क्षेत्र में ही फंसा रहेगा। पहली नजर में 400 मिलियन बैरल का आपातकालीन भंडार इस कमी को लगभग 40 दिनों तक कवर कर सकता है।

### बाजार में तुरंत नहीं पहुंचेगा तेल

विश्लेषकों का कहना है कि रणनीतिक भंडार का तेल तुरंत बाजार में नहीं आता। एक तय अवधि में सीमित मात्रा ही जारी की जा सकती है। अमेरिका द्वारा घोषित 172 मिलियन बैरल तेल को 120 दिनों में जारी किया जाएगा। इसका मतलब है कि रोजाना लगभग 1.4 मिलियन बैरल ही बाजार में आएगा, जो होर्मुज के बंद होने से खोई आपूर्ति का सिर्फ 15 प्रतिशत है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप की अनुमति के बाद इस तेल को बाजार तक पहुंचने में लगभग 13 दिन लगते हैं। आईईए ने यह स्पष्ट नहीं किया है कि बाकी सदस्य देश कब और कितनी मात्रा में तेल जारी करेंगे।

गाजियाबाद नगर निगम
Ghaziabad Nagar Nigam
(ISO 9001, 14001 व 18001 प्रमाणित संस्था)
गाजियाबाद विकास प्राधिकरण
GHAZIABAD DEVELOPMENT AUTHORITY

# 4.99 करोड़ की लागत से बनेगी आरसीसी सड़क व नाला
# विधायक संजीव शर्मा ने किया शुभारंभ





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** लोक निर्माण विभाग द्वारा शहर विधानसभा क्षेत्र के वार्ड-1 स्थित कृष्णा नगर बागू में भारत पेट्रोल पंप से रोजबेली पब्लिक स्कूल तक आरसीसी सड़क एवं नाला निर्माण कार्य का शुभारंभ शहर विधायक संजीव शर्मा ने किया। इस निर्माण कार्य की अनुमानित लागत 4 करोड़ 99 लाख रुपये है।

इस मौके पर विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि क्षेत्र के विकास के लिए सड़क, नाला और अन्य मूलभूत सुविधाओं का मजबूत होना बेहद आवश्यक है। प्रदेश सरकार के सहयोग से गाजियाबाद में लगातार विकास कार्य कराए जा रहे हैं और आगे भी क्षेत्र की हर समस्या के समाधान के लिए प्रयास जारी रहेंगे।

सड़क और नाला निर्माण से मिलेगी बड़ी राहत विधायक संजीव शर्मा ने कहा कि गाजियाबाद के विकास के लिए केंद्र और प्रदेश सरकार मिलकर कार्य कर रही हैं। इस सड़क और नाला निर्माण से क्षेत्र की जनता को बेहतर आवागमन के साथ-साथ जल निकासी की सुविधा भी मिलेगी, जिससे लोगों को बड़ी राहत मिलेगी।

इस अवसर पर मंडल अध्यक्ष धर्मेंद्र चौधरी, महानगर महामंत्री पप्पू पहलवान, पार्षद प्रतिनिधि धर्मेंद्र नागर, पार्षद देवनारायण, गोपाल सिसोदिया भोपाल, राहुल शर्मा, मुकेश शर्मा, आर.के. आर्य, आशु गुर्जर, योगेश शर्मा, दीपक, अजय शर्मा, मानिक दत्ता, प्रीति चंद्रा, सुषमा गोड़, पुष्पा पांडे, भाजपा कार्यकर्ता तथा स्थानीय नागरिक बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

# वकील से मारपीट के आरोप में बिसरख थाने के दो दरोगा और दो हेड कांस्टेबल सस्पेंड



**नोएडा।** गौतमबुद्ध नगर पुलिस कमिश्नरेट के थाना बिसरख में तैनात दो उप निरीक्षक और दो हेड कांस्टेबल को पुलिस उपायुक्त ने निलंबित कर दिया है। आरोप है कि उन्होंने एक अधिवक्ता के साथ मारपीट कर अभद्रता की। इस मामले को लेकर जनपद गौतमबुद्ध नगर बार एसोसिएशन के अध्यक्ष मनोज भाटी ने अपने अधिवक्ता साथियों के साथ थाना बिसरख पर धरना प्रदर्शन किया।

अपर पुलिस आयुक्त आरके गौतम ने बताया कि शिकायत के आधार पर मामले की जांच करवाई गई। जिसमें बिसरख कोतवाली में तैनात दो उपनिरीक्षक श्रीपाल गिरी, उपनिरीक्षक कृष्ण कुमार और दो अन्य पुलिसकर्मियों को निलंबित कर दिया गया है। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि पीड़ित अधिवक्ता की शिकायत के आधार पर पूरे मामले की विभागीय जांच भी शुरू कर दी गई है। उन्होंने बताया कि एक युवक, एक युवती से एक तरफा प्रेम करता था। युवती से जब उसने शादी के लिए कहा तो उसने मना कर दिया।

इस बात से नाराज युवक ने अपने दोस्त सोनू और एक अन्य के साथ मिलकर युवती के मंगेतर को कार में बैठाकर उसके साथ मारपीट कर दिल्ली बॉर्डर पर छोड़ दिया था। इस मामले में युवती की शिकायत पर बिसरख थाने में मुकदमा दर्ज हुआ था। पुलिस ने इस मामले में कुछ लोगों को गिरफ्तार किया। पुलिस ने जब जांच की तो पता चला कि इस घटना में अधिवक्ता फरीद अहमद का भाई सोनू भी आरोपी है।

बताया जा रहा है कि पुलिस सोनू को पकड़ने के लिए ककराला गांव गई थी। आरोप है कि वहां अधिवक्ता ने घर का दरवाजा बंद कर सोनू को दूसरे दरवाजे से भगा दिया। उसने पुलिस पर अधिवक्ता होने का रौब दिखाकर अभद्रता की। इसके बाद फरीद को पूछताछ के लिए थाना बिसरख लाया गया।

वहीं अधिवक्ता फरीद अहमद का कहना है कि उसके भाई का नाम सोनू जरूर है मगर वह और उसका भाई एक तरफा प्रेमी के बारे में नहीं जानते। उनका भाई नगला सलेमपुर मेरठ में रहता है। पुलिस ने इस मामले में जिन लोगों को पकड़ा है वह भी उन्हें नहीं जानते। पुलिस अब इस मामले में नये सिरे से मामले की जांच पड़ताल कर रही है।

# लोनी थाने की नई बिल्डिंग का शुभारंभ
# थाना हुआ पूरी तरह हाईटेक
## कभी रहता था रात में अंधेरा, अब फैला है उजाला







**गाजियाबाद, करंट क्राइम :** पुलिस कमिश्नरेट गाजियाबाद में थानों की तस्वीर तेजी से बदल रही है। इसी क्रम में सोमवार को पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने लोनी थाने की नवनिर्मित और आधुनिक सुविधाओं से लैस बिल्डिंग का उद्घाटन किया। उद्घाटन के दौरान एडिशनल सीपी कानून-व्यवस्था व ट्रैफिक राजकरन नैय्यर, डीसीपी ग्रामीण जोन सुरेंद्रनाथ तिवारी, एसीपी लोनी सिद्धार्थ गौतम और थाना प्रभारी मुकेश सोलंकी सहित पुलिस के कई अधिकारी मौजूद रहे।

पहले लोनी थाना जर्जर भवन और बुनियादी सुविधाओं की कमी से जूझ रहा था। कई बार थाना परिसर में अंधेरा रहता था और बरसात के दिनों में जलभराव की गंभीर समस्या भी हो जाती थी। नई बिल्डिंग बनने के बाद अब थाना आधुनिक सुविधाओं से लैस हो गया है, जिससे पुलिसकर्मियों को बेहतर कार्य वातावरण मिलेगा और आम जनता को भी सुविधाजनक माहौल में अपनी शिकायत दर्ज कराने का अवसर मिलेगा।

### लगातार बदल रही है कमिश्नरेट के थानों की तस्वीर

**करंट क्राइम :** इस मौके पर पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड ने कहा कि पुलिसकर्मियों का कार्यस्थल बेहतर होगा तो उनकी कार्यक्षमता और व्यवहार में भी सकारात्मक बदलाव आएगा। उन्होंने कहा कि पुलिस कमिश्नरेट में लगातार थानों और कार्यालयों को आधुनिक बनाया जा रहा है, ताकि पुलिस जनता को और बेहतर सेवाएं दे सके। उन्होंने बताया कि इससे पहले साहिबाबाद, शालीमार गार्डन, खोड़ा, इंदिरापुरम और मसूरी थानों की व्यवस्था भी बेहतर की जा चुकी है। वहीं आने वाले समय में सिटी जोन के अंतर्गत कविनगर, विजयनगर और घंटाघर कोतवाली सहित अन्य थानों का भी कायाकल्प किया जाएगा। पुलिस कमिश्नर जे रविंदर गौड के कार्यकाल में गाजियाबाद के थानों और पुलिस कार्यस्थलों को लगातार विकसित और आधुनिक बनाया जा रहा है, जिससे पुलिसिंग व्यवस्था को और मजबूत करने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम उठाए जा रहे हैं।



# देश की प्रमुख जांच एजेंसियों ने गाजियाबाद में डाला डेरा
# पाकिस्तानी कनेक्शन से सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट
## दिल्ली कैंट स्टेशन और हरियाणा के संवेदनशील सैन्य क्षेत्रों में सीसीटीवी लगाए जाने की पुष्टि के बाद जांच और तेज
## क्राइम ब्रांच को मिलाकर जांच के लिए एसआईटी का हुआ गठन


गौरव शशि नारायण





**गाजियाबाद, करंट क्राइम ।** गाजियाबाद के कौशांबी क्षेत्र से पकड़े गए छह सदस्यीय संदिग्ध गैंग के मामले ने अब राष्ट्रीय सुरक्षा एजेंसियों की चिंता बढ़ा दी है। प्रारंभिक जांच में पाकिस्तान कनेक्शन के संकेत मिलने और कई संवेदनशील स्थानों पर गुप्त रूप से सीसीटीवी कैमरे लगाए जाने की पुष्टि के बाद देशभर की प्रमुख जांच एजेंसियां सक्रिय हो गई हैं। इस पूरे मामले की जांच के लिए गाजियाबाद क्राइम ब्रांच कार्यालय इन दिनों राष्ट्रीय स्तर की एजेंसियों का केंद्र बनता जा रहा है। सूत्रों के मुताबिक रविवार रात से लेकर सोमवार तक क्राइम ब्रांच कार्यालय और गाजियाबाद के कई ठिकानों में कई केंद्रीय और राज्य स्तरीय एजेंसियों के वरिष्ठ अधिकारी लगातार मौजूद रहे और पूरे नेटवर्क को खंगालने में जुटे रहे। जांच में राष्ट्रीय जांच एजेंसी एनआईबी, आईबी, दिल्ली पुलिस की इंटेलिजेंस यूनिट, आतंकवाद निरोधक दस्ता यूपी, राजकीय रेलवे पुलिस और रेलवे सुरक्षा बल सहित कई एजेंसियां सक्रिय हो चुकी हैं। इसके अलावा थल सेना, वायु सेना और नौसेना के खुफिया तंत्र ने भी इस पूरे मामले पर कड़ी निगरानी शुरू कर दी है और सुरक्षा से जुड़े अहम इनपुट साझा किए जा रहे हैं।

जांच एजेंसियों को अब तक मिली जानकारी के अनुसार पकड़ा गया गैंग केवल सामान्य आपराधिक गतिविधियों में शामिल नहीं था, बल्कि संवेदनशील स्थानों की रेकी कर वहां की गतिविधियों की जानकारी जुटाने का काम कर रहा था। बताया जा रहा है कि दिल्ली के प्रमुख रेलवे स्टेशनों और भीड़भाड़ वाले स्थानों पर कैमरे लगाकर गतिविधियों की रिकॉर्डिंग की जाती थी और बाद में इन फुटेज तथा तस्वीरों को डिजिटल माध्यमों से विदेश भेजा जाता था। सबसे बड़ा खुलासा तब हुआ जब जांच में यह पुष्टि हुई कि दिल्ली के सैन्य दृष्टि से अत्यंत संवेदनशील क्षेत्र और हरियाणा के एक आर्मी कैंट इलाके में भी सीसीटीवी कैमरे लगवाए गए थे। इन स्थानों पर कैमरे लगाए जाने की जानकारी सामने आते ही सुरक्षा एजेंसियों में हड़कंप मच गया और पूरे मामले को राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़ी संभावित साजिश के तौर पर देखा जाने लगा।

सूत्रों का कहना है कि इन कैमरों के जरिए सैन्य गतिविधियों और संवेदनशील स्थानों की जानकारी जुटाने की आशंका है। ऐसे में जांच एजेंसियां यह पता लगाने की कोशिश कर रही हैं कि यह नेटवर्क किसके इशारे पर काम कर रहा था, इसके पीछे कौन लोग हैं और पाकिस्तान तक जानकारी किस माध्यम से भेजी जा रही थी। क्राइम ब्रांच और गाजियाबाद पुलिस ने इस मामले में कई संदिग्ध लोगों को हिरासत में लेकर पूछताछ शुरू कर दी है। उनके मोबाइल फोन, लैपटॉप, कैमरे और अन्य इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों को कब्जे में लेकर उनकी फॉरेंसिक जांच कराई जा रही है। जांच के दौरान कुछ ऐसे नाम भी सामने आए हैं जो सुरक्षा एजेंसियों के लिए बेहद चौंकाने वाले हो सकते हैं।

### बनाई गई है स्पेशल एसआईटी

**करंट क्राइम :** इस मामले की गंभीरता को देखते हुए गाजियाबाद पुलिस कमिश्नरेट ने एक विशेष एसआईटी का गठन किया है। इस टीम में एसीपी क्राइम, एसीपी इंदिरापुरम, थाना कौशांबी प्रभारी और क्राइम ब्रांच की विशेष टीम को शामिल किया गया है। इसके अलावा अलग-अलग टीमें संभावित ठिकानों पर छापेमारी कर रही हैं और नेटवर्क से जुड़े अन्य लोगों की तलाश की जा रही है। सूत्रों के अनुसार आने वाले दिनों में इस मामले में कई बड़े खुलासे हो सकते हैं। जांच एजेंसियां अब तक जुटाए गए वीडियो, फोटो, डिजिटल डाटा और अन्य गोपनीय सबूतों को एकत्र कर रही हैं, जिन्हें आगे केंद्रीय स्तर पर जांच के लिए सौंपा जा सकता है। सुरक्षा एजेंसियों का कहना है कि यदि यह मामला अंतरराष्ट्रीय साजिश से जुड़ा पाया जाता है तो इसमें शामिल लोगों के खिलाफ बेहद सख्त कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय सुरक्षा से जुड़े इस गंभीर मामले को देखते हुए जांच एजेंसियां हर पहलू को बेहद सावधानी और सतर्कता के साथ खंगाल रही हैं, ताकि किसी भी संभावित खतरे को समय रहते निष्क्रिय किया जा सकें। बता दें पुलिस ने शनिवार सुबह गुप्त सूचना पर भोवापुर तिराहा के पास से मेरठ के परतापुर निवासी सुहेल मलिक, भोवापुर निवासी प्रवीन, राज, शिवा और रितिक को गिरफ्तार कर लिया। इनसे पूछताछ के बाद आनंद विहार बॉर्डर से संभल निवासी साने इरम उर्फ महक को पकड़ लिया था।

# भोपुरा मंडल में होली मिलन की धूम
# कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा का हुआ स्वागत





**साहिबाबाद (करंट क्राइम)।** भोपुरा मंडल में आयोजित 'होली मिलन समारोह' हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुआ। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार के कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने मुख्य अतिथि के रूप में शिरकत की। मंडल के कार्यकताओं और पदाधिकारियों ने फूलों की वर्षा और माला पहनाकर स्वागत किया।

समारोह के दौरान कैबिनेट मंत्री सुनील शर्मा ने कहा कि होली का पर्व आपसी भेदभाव भुलाकर प्रेम और भाईचारे के रंग में रंगने का संदेश देता है। उन्होंने कार्यकताओं के साथ फूलों की होली खेली और क्षेत्र के विकास के प्रति अपनी प्रतिबद्धता दोहराई। इस अवसर पर विपिन डागर (मंडल अध्यक्ष), राजकुमार चंदेल, कुलदीप कसाना, डब्बी पहलवान, देवी सिंह भोला, अनिल कल्याणी आदि कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# तरुण कुमार बने डॉ बीआर अंबेडकर जयंती आयोजन समिति नवयुग मार्केट के अध्यक्ष





**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** 2026-27 के लिए डॉ. बी.आर. अंबेडकर जयंती आयोजन समिति का चुनाव संपन्न हो गया। चुनाव में तरुण कुमार को अध्यक्ष, दुष्यंत गौतम को महासचिव, यशपाल को कोषाध्यक्ष और हरेंद्र कुमार को लेखा परीक्षक के रूप में निर्वाचित घोषित किया गया। सदस्यों ने उत्साह के साथ चुनाव में भाग लिया। नव निर्वाचित पदाधिकारियों ने चुनाव में भाग लेने वाले और अपना आशीर्वाद और सहयोग देने वाले सभी समर्थकों और सदस्यों के प्रति हार्दिक आभार व्यक्त किया। समिति ने अधिवक्ता रामेश्वर दत्त, अधिवक्ता जय सिंह राहुल, ललित दास, गज्जू, डॉक्टर पवन गौतम पार्षद आभार व्यक्त किया। इस मौके पर अनिल कल्याणी पार्षद, शेखर, विजय, कुलदीप, विक्की, गुल्लू, गौरव, नितिन कैन, कुणाल, बंटी, सिक्की, प्रसन्नजीत गौतम, अजय प्रधान, मुकेश गौतम, तेजपाल दरोगा, महावीर आर्य, त्रिलोक गौतम, हरिदत्त, ओमकार पहलवान, राहुल मुलायम पार्षद, ब्रह्मपाल, गजराज, वकील संजीव बकरवा, राजेश्वर, संजीव, राकेश कोरी, वासु, नवीन चौधरी, बृज गौतम, विजय बौद्ध, परमवीर, तरंग बोध, संदीप प्रधान, मनोज जाटव, राकेश कर्दम, अधिवक्ता एस पी सिंह, अधिवक्ता योगेन्द्र कुमार, एडवोकेट विक्रम सिंह जग्गू आदि ने भाग लिया।

नवनिर्वाचित अध्यक्ष तरुण कुमार ने आश्वासन दिया कि वे भारत रत्न डॉ. बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर की जयंती आयोजित करने के लिए पूरे समर्पण के साथ काम करेंगे।

डॉ. बी.आर. अंबेडकर की जयंती को भव्य और सम्मानजनक तरीके से मनाते हुए, समानता, न्याय और सामाजिक सशक्तिकरण के उनके आदर्शों को बढ़ावा दिया जाएगा। समिति ने समाज के सभी सदस्यों से आगामी समारोह को यादगार और सफल बनाने के लिए अपना समर्थन और सहयोग जारी रखने की अपील की है।

# ग्रेटर नोएडा में साइबर ठगी: बुजुर्ग को 20 दिन डिजिटल अरेस्ट कर 1.29 करोड़ ठगे



**नोएडा।** ग्रेटर नोएडा में रहने वाले एक बुजुर्ग को साइबर अपराधियों ने लगभग 20 दिन तक डिजिटल अरेस्ट कर 1. 29 करोड़ की ठगी कर ली। पीड़ित की शिकायत पर थाना साइबर क्राइम पुलिस घटना की रिपोर्ट दर्ज कर मामले की जांच कर रही है।

एडीसीपी साइबर क्राइम शैव्या गोयल ने बताया कि दिलीप कुमार दास ने थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है कि वह शिवालिक होम सोसाइटी साइड- सी सूरजपुर ग्रेटर नोएडा में रहते हैं। पीड़ित के अनुसार वह एक सीनियर सिटीजन है। पीड़ित के अनुसार उन्हें 6 फरवरी को एक फोन आया। फोन करने वाले ने कहा कि वह ट्राई के अधिकारी हैं। कथित ट्राई के अधिकारी ने पीड़ित से कहा कि एक मुकदमा दर्ज हुआ है, जिसकी जांच सीबीआई कर रही है। आप जांच के लिए 2 घंटे के अंदर मुंबई पहुंचे। जब पीड़ित ने कहा कि मैं सीनियर सिटीजन हूं और नोएडा से मुंबई 2 घंटे में नहीं पहुंच सकता तो, उसने कहा कि वीडियो कॉल पर आपके बयान दर्ज किए जाएंगे, और जब तक बयान नहीं दर्ज हो जाते तब तक आप डिजिटल अरेस्ट रहेंगे। किसी से संपर्क नहीं करेंगे।

पीड़ित के अनुसार उनके ऊपर झूठा आरोप लगाया गया। कहा गया कि आपने केनरा बैंक में अकाउंट खुलवाया, जिसे नरेश गोयल नाम के एक व्यक्ति को 5 लाख में बेच दिया था। इस खाते में दो करोड़ रुपए जमा किए गए थे। और आपको 10 प्रतिशत कमीशन मिला था। इस दौरान बुजुर्ग को धमकी दी गई कि आपके खिलाफ क्रिमिनल केस दर्ज किया गया है और कानूनी कार्रवाई शुरू कर दी गई है। पीड़ित के अनुसार इसके बाद वीडियो कॉल के जरिए एक कोर्ट रूम से उन्हें जोड़ा गया। वहां पर जज का चोगा पहने एक व्यक्ति बैठे था, तथा उनके बगल में पुलिस अधिकारी खड़े थे। कथित जज ने पीड़ित को गिरफ्तार करने का आदेश दिया तो पुलिस अधिकारी ने कहा कि यह एक सीनियर सिटीजन है और जांच में सहयोग कर रहे हैं।

इसके बाद उनसे कहा गया कि आपके बैंक अकाउंट में जितना भी पैसे हैं, उसके बारे में जानकारी दीजिए। अकाउंट वेरीफाई किए जाएंगे, उन्हें एक बैंक अकाउंट की जानकारी दी गई, जिसमें सारी रकम ट्रांसफर करवाई गई। उसके बाद कहा गया की जांच के बाद जब यह पता चलेगा कि आप निर्दोष है तो सारी रकम आपको ट्रांसफर कर दी जाएगी।

पीड़ित के अनुसार आरोपियों ने करीब 20 दिन तक डिजिटल अरेस्ट करके रखा तथा इस बीच उन्होंने कई बार में अपनी कुल जमा पूंजी एक करोड़ 29 लाख 61 हजार 962 रुपए आरोपियों के बताए गए खाते में ट्रांसफर कर दिया। काफी दिन बाद भी उनकी रकम वापस नहीं आई तो पीड़ित को शक हुआ तथा उन्होंने पुलिस से इस मामले की शिकायत की। एडीसीपी ने बताया कि पीड़ित की शिकायत पर घटना की रिपोर्ट दर्ज कर पुलिस मामले की जांच कर रही है।

# मोदीनगर में जल्द शुरू होगा सीकरी बिजली उपकेंद्र
# हजारों उपभोक्ताओं को मिलेगी राहत



**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** मोदीनगर में बिजली आपूर्ति व्यवस्था को सुदृढ़ करने के लिए सीकरी में तैयार किया गया नया बिजली उपकेंद्र जल्द ही शुरू होने जा रहा है। उपकेंद्र को जल्द ही लोड पर ले लिया जाएगा और शीघ्र ही विधायक डॉ. मंजू शिवाच इसका लोकार्पण करेंगी।

अधिकारियों के अनुसार यह उपकेंद्र बिजनेस प्लान 2023-24 के तहत प्रस्तावित किया गया था। उपकेंद्र शुरू होने से क्षेत्र में बिजली आपूर्ति की व्यवस्था मजबूत होगी और उपभोक्ताओं को बार-बार होने वाली ट्रिपिंग तथा लो वोल्टेज की समस्या से काफी हद तक राहत मिलने की उम्मीद है।

15 एमवीए क्षमता के दो ट्रांसफार्मर मुख्य अभियंता नरेश कुमार भारती ने बताया कि नए उपकेंद्र में कुल 15 एमवीए क्षमता के दो ट्रांसफार्मर स्थापित किए गए हैं। इनमें एक ट्रांसफार्मर 10 एमवीए और दूसरा पांच एमवीए क्षमता का है। उपकेंद्र चालू होने के बाद चार फीडरों का लोड स्थानांतरित किया जाएगा।

मोदी इलेक्ट्रोड, मोदी इंडस्ट्रीज और कृष्णानगर फीडर का लोड फिलहाल मोदी स्टील बिजलीघर से संचालित हो रहा है, जिसे नए उपकेंद्र से जोड़ा जाएगा। उन्होंने बताया कि मोदी स्टील बिजलीघर की क्षमता 40 एमवीए है, लेकिन अधिक लोड होने के कारण विशेषकर गर्मियों में यह उपकेंद्र ओवरलोड हो जाता था।

**नौ संविदा कर्मियों की तैनाती :** नए उपकेंद्र के शुरू होने के बाद करीब 10 एमवीए लोड कम हो जाएगा, जिससे ओवरलोडिंग की समस्या से काफी राहत मिलने की संभावना है। इससे बिजली आपूर्ति अधिक सुचारु और स्थिर हो सकेगी। अधिकारियों ने बताया कि उपकेंद्र के संचालन के लिए नौ संविदा कर्मियों और तीन एसएसओ की तैनाती भी कर दी गई है। नए उपकेंद्र के शुरू होने से आसपास के क्षेत्रों के हजारों उपभोक्ताओं को बेहतर और निर्बाध बिजली आपूर्ति मिल सकेगी।

# घरेलू पीएनजी कनेक्शन लेना हुआ आसान

**गाजियाबाद (करंट क्राइम)।** एलपीजी की किल्लत को देखते हुए लोगों ने नए कनेक्शन के साथ ही बंद पड़े पीएनजी कनेक्शन को फिर से चालू करने की अर्जी देनी शुरू कर दी है। शासन की ओर से पीएनजी कनेक्शन के लिए जमानत राशि को सात हजार रुपये से घटाकर पांच हजार रुपये कर दिया है।

वहीं, गरीबों के लिए पीएनजी कनेक्शन लेना बेहद आसान कर दिया गया है, जिसमें वह शुरूआत में एकमुश्त 275 रुपये देकर कनेक्शन बुक कराने के साथ ही बाकी राशि किस्तों में जमा करा सकते हैं।

रोजाना कितने घरों में लग रही पीएनजी पाइपलाइन?

उक्त जानकारी देते हुए जिला पूर्ति अधिकारी अमित तिवारी ने बताया कि एलपीजी की आपूर्ति में हुई कमी को देखते हुए लोगों ने पीएनजी की ओर रुख करना शुरू कर दिया है। हालांकि, एलपीजी की आपूर्ति पर्याप्त मात्रा में है और बुकिंग के बाद उपभोक्ताओं के घरों तक पहुंच रही है। इसके बावजूद लोग पीएनजी पाइपलाइन कनेक्शन के लिए बड़ी मात्रा में आवेदन कर रहे हैं। प्रतिदिन करीब 150 से अधिक लोगों में 80 से अधिक नए कनेक्शन और बाकी बंद पड़े पीएनजी कनेक्शन को चालू कराने के आवेदन आईजीएल कंपनी के पास पहुंच रहे हैं। उन्होंने बताया कि सरकार की ओर से सात हजार रुपये से घटाकर जमानत राशि पांच हजार की गई है।